उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह
(कार्मिक कोषांग)
ई–मेल :–edcgiridih@gmail.com

–: आदेश :–

लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं 31–गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव– 2024 के सफल संचालन हेतु पीठासीन पदाधिकारी / प्रथम मतदान पदाधिकारी / द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कार्यक्रम (दिनांक 06.03.2024, 07.03.2024, 09.03.2024, 11.03.2024 एवं 02.04.2024 को) निर्धारित की गयी थी, जिसमें पत्र के साथ संलग्न सूची में अंकित कर्मी निर्धारित प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुए, जो चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही का द्योतक है।

अतः प्रेस विज्ञप्ति निर्गत तिथि से तीन दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण कार्यालय प्रधान के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं आपके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जाय ?

भाग–5

Absent List 06.03.2024 TO 09.03.2024, 11.03.2024 and 02.04.2024

| Sl No | Pin No | Duty | Name | Designation | Office Name | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 401 | 341912163 | Ist Polling Officer | SACHIN KUMAR | TGT,UHS SALAIYA | D.E.O,Giridih(Bengabad) | AB |
| 402 | 341912165 | 3rd Polling Officer | RAMESH HEMBROM | COOK WELFARE DEPARTMENT | Dist. Welfare Office, Pirtand | AB |
| 403 | 341912168 | 3rd Polling Officer | RUPLAL MAHTO | PEON WELFARE DEPARTMENT | Dist. Welfare Office, Pirtand | AB |
| 404 | 341912171 | 2nd Polling Officer | SUBHASHA PRASAD | AMIN CO SURIYA | Circle Office Suriya | AB |
| 405 | 341912175 | Ist Polling Officer | SHABAJ HUSSAIN | CLERK BOI CHOTAKI KHARAGDIHA | Bank Of India, Bengabad | AB |
| 406 | 341912178 | 2nd Polling Officer | SUDHAKAR MISHRA | OUT TECHER WELFARE DEPARTMENT | Dist. Welfare Office, Pirtand | AB |
| 407 | 341912186 | 2nd Polling Officer | UMESH KUMAR SINGH | OUT TECHER WELFARE DEPARTMENT | Dist. Welfare Office, Pirtand | AB |
| 408 | 341912189 | 2nd Polling Officer | SARYU DAS | OUT TECHER WELFARE DEPARTMENT | Dist. Welfare Office, Pirtand | AB |
| 409 | 341912191 | 2nd Polling Officer | NOROTTAM KUMAR MAHTO | CONT TECHER WELFARE DEPARTMENT | Dist. Welfare Office, Pirtand | AB |
| 410 | 341912195 | 2nd Polling Officer | RAVI KUMAR | COMP TECHER WELFARE DEPARTMENT | Dist. Welfare Office, Pirtand | AB |
| 411 | 341912252 | Ist Polling Officer | LALLAN KUMAR GUPTA | TGT, UHS CHIRUWAN KAPILO | D.E.O,Giridih(Suriya) | AB |
| 412 | 341912254 | Ist Polling Officer | JAY PRAKASH RABIDAS | TGT, UHS CHIRUWAN KAPILO | D.E.O,Giridih(Suriya) | AB |
| 413 | 341912255 | Ist Polling Officer | ANIL KUMAR PASWAN | TGT, UHS CHIRUWAN KAPILO | D.E.O,Giridih(Suriya) | AB |
| 414 | 341912265 | Presiding Officer | DAYANAND KUMAR DAYA | PGT +2 HS GANDEY | D.E.O,Giridih(Gandey) | AB |
| 415 | 341900052 | Presiding Officer | NILMANI KUMAR MISHRA | CO-OPERATIVE EXTENSION OFFICER | Asst. Registrar Co-Operative Society | AB |
| 416 | 341904667 | Presiding Officer | MANISH KUMAR | AE RRWD WORK DIV GRD | R.W.D Works Division Giridih | AB |
| 417 | 341904678 | Ist Polling Officer | SAHDEO MAHTO | CASHIER | United India Insurance Co.Ltd Giridih | AB |
| 418 | 341906031 | Presiding Officer | NITIYANAND SAH | JE ROAD DIVI GIRIDIH | RCD, Road Division Giridih | AB |
| 419 | 341906434 | Presiding Officer | RAHUL KUMAR | INSPECTOR FOOD FACTORIES GRD | Factories Inspector Giridih Circle | AB |
| 420 | 341909262 | Presiding Officer | DR PYARELAL SINGH | ASST PROF ADARSH COLL DHANWAR | Adarsh College Rajdhanwar | AB |
| 421 | 341909309 | Presiding Officer | Sri SANOJ KUMAR MAHTO | ASST PROF ADARSH COLL DHANWAR | Adarsh College Rajdhanwar | AB |
| 422 | 341910228 | Presiding Officer | ANMOL KUMAR SINHA | ASST BRANCH MANAGER | Indian Bank Giridih | AB |
| 423 | 341910557 | Presiding Officer | DASHRATH SOREN | ASST MANAGER IOB GIRIDIH | Indian Overseas Bank Giridih | AB |
| 424 | 341910566 | Presiding Officer | SUBHASH KUMAR | ASST MANAGER IOB GIRIDIH | Indian Overseas Bank Giridih | AB |
| 425 | 341910683 | Ist Polling Officer | SRI RAJ KUMAR SINGH | JUNIOR ENGINEER | National Highways Sub Division Giridih | AB |
| 426 | 341910832 | Presiding Officer | SOMNATH BIRUA | MANAGER BOI HIRODIH | Bank Of India, Dhanwar | AB |
| 427 | 341910899 | Presiding Officer | ADITYA KUMAR SINHA | OFFICER BOI KHARAGDIHA | Bank Of India, Jamua | AB |
| 428 | 341911038 | Presiding Officer | RAKESH KUMAR | BRANCH MANAGER PNB CHIRKI | Punjab National Bank Pirtand | AB |
| 429 | 341911182 | Presiding Officer | PRAKASH RAJAK | CASH OFFICER SBI BAGODAR | State Bank Of India, Bagodar | AB |
| 430 | 341911206 | Presiding Officer | ANISH KUMAR CHOUDHARY | BRANM MANAGER SBI DEORI | State Bank Of India, Deori | AB |
| 431 | 341911237 | Ist Polling Officer | ABHISHEK KUMAR | SKVK-INCH. RURAL BOI MIRZAGANJ | Bank Of India, Jamua | AB |
| 432 | 341911295 | Presiding Officer | MANISH MINZA | BRANCH MANAGER SBI GANDEY | State Bank Of India, Gandey | AB |
| 433 | 341911313 | Ist Polling Officer | RAJENDRA RAM | MASSENGER SBI SURIYA | State Bank Of India, Suriya | AB |
| 434 | 341911316 | Presiding Officer | JAYANT KUMAR BARNAWAL | BRANCH MANAGER SBI TISRI | State Bank Of India, Tisri | AB |
| 435 | 341911319 | Ist Polling Officer | ABHINAV TUDU | ASSOCIATE SBI TISRI | State Bank Of India, Tisri | AB |
| 436 | 341911324 | Presiding Officer | RAJESH KUMAR | BR MANAGER CAC GIRIDIH | State Bank Of India, Giridih | AB |
| 437 | 341911329 | Presiding Officer | DHARMENDRA NATH BHARATI | DY MANAGER CAC GIRIDIH | State Bank Of India, Giridih | AB |
| 438 | 341911331 | Ist Polling Officer | BINOD PD SAW | SR ASSOCIATE CAC GIRIDIH | State Bank Of India, Giridih | AB |
| 439 | 341911385 | Presiding Officer | KRISHAN MURARI | ASST MANAGER SBI GIRIDIH | State Bank Of India, Giridih | AB |
| 440 | 341911457 | Presiding Officer | SUMIT KR YADAV | AST MANAGER SBI TISRI | State Bank Of India, Tisri | AB |
| 441 | 341911485 | Presiding Officer | ALOK RANJAN | BRANCH MANGER SBI PMADHUBAN | State Bank Of India, Pirtand | AB |
| 442 | 341911489 | Presiding Officer | SURAJ KUMAR | CASH OFFICER SBI PMADHUBAN | State Bank Of India, Pirtand | AB |
| 443 | 341911588 | Presiding Officer | SHAMBHU KUMAR | OFFICER BANK OF INDIA BARWADIH | Bank Of India, Giridih | AB |
| 444 | 341911646 | Presiding Officer | AKHILESHWAR PD Singh | DY MANAGER RBO GIRIDIH | State Bank Of India, Giridih | AB |
| 445 | 341911655 | Presiding Officer | SUBODH KUMAR | ASST MANAGER RBO GIRIDIH | State Bank Of India, Giridih | AB |
| 446 | 341911927 | Presiding Officer | MD MUZAFFAR ALI | JSS BDO OFFICE BENGABAD | B.D.O Office Bengabad | AB |
| 447 | 341912243 | Presiding Officer | BABLU KUMAR | OFFICER BOI NIMIYANGHAT | Bank Of India, Dumri | AB |
| 448 | 341912554 | Presiding Officer | SOMESH CHANDRA | MANAGER CANARA BANK DUMRI | Canara Bank Dumri | AB |
| 449 | 341913731 | Presiding Officer | SRI GODUGU RAM SAGAR 90384108 | MT GRD OCP | C.C.L Giridih | AB |
| 450 | 341913909 | Ist Polling Officer | RITESH KUMAR SINHA | RSI CIRCLE OFFICE DHANWAR | Circle Office Dhanwar | AB |
| 451 | 341913914 | Ist Polling Officer | AVINASH AFFRED MARANDI | LDC CIRCLE OFFICE DHANWAR | Circle Office Dhanwar | AB |
| 452 | 341913915 | Presiding Officer | PROF. PRAMOD KR. SINHA | PROF INC JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 453 | 341913916 | Presiding Officer | GHANSHAYAM YADAV | ASST PROF JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 443 | 341913918 | Presiding Officer | DR. MUNILAL THAKUR | ASST PROF JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 444 | 341913920 | Presiding Officer | DR. BADRI NARAYAN PRASAD | ASST PROF JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 445 | 341913922 | Presiding Officer | TALESHWAR NAYAK | ASST PROF JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 446 | 341913923 | Presiding Officer | RAVIENDRA KR. SINGH | ASST PROF JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 447 | 341913924 | Presiding Officer | SHANKAR THAKUR | ASST PROF JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 448 | 341913925 | Presiding Officer | RAJESH PRASAD | ASST PROF JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 449 | 341913926 | Presiding Officer | MANOJ KR. TIWARY | ASST PROF JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 450 | 341913927 | Presiding Officer | UMASHANKAR ROY | ASST PROF JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri | AB |
| 451 | 341914058 | Ist Polling Officer | MOTI PRASAD | PEON | Municipal Corporation Giridih | AB |
| 452 | 341914384 | Presiding Officer | SANTOSH KUMAR | BLOCK SUPPLYA OFFICER | Dist. Supply Office Giridih | AB |
| 453 | 341914478 | Ist Polling Officer | KUNAL | A.T UHS BISHNUTIKAR | D.E.O,Giridih(Gawan) | AB |
| 454 | 341914527 | Presiding Officer | NANDKISHORE PRASAD | BEEO DEORI | B.E.E.O Deori | AB |
| 455 | 341914562 | 3rd Polling Officer | BRAJESH KUMAR | ATM | Dist. Agriculture Office Giridih | AB |
| 456 | 341914564 | 3rd Polling Officer | PREM PASWAN | ATM | Dist. Agriculture Office Giridih | AB |
| 457 | 341914597 | Ist Polling Officer | DASHRATH RABIDAS | A.T. +2 HIGH SCHOOL BAGODAR | D.E.O,Giridih(Bagodar) | AB |
| 458 | 341914598 | Ist Polling Officer | TAPESHWAR RAJAK | A.T. +2 HIGH SCHOOL BAGODAR | D.E.O,Giridih(Bagodar) | AB |
| 459 | 341914601 | Ist Polling Officer | RAJ KUMAR | A.T. +2 HIGH SCHOOL BAGODAR | D.E.O,Giridih(Bagodar) | AB |
| 460 | 341914610 | Ist Polling Officer | ANIRUDH RAM | OFFICE ASSISTANT BENGABAD | Jharkhand Rajya Gramin Bank,Bengabad | AB |
| 461 | 341914624 | Ist Polling Officer | SUMAN KUMAR CHOBEY | A.T. +2 HIGH SCHOOL GANDEY | D.E.O,Giridih(Gandey) | AB |
| 462 | 341914625 | Ist Polling Officer | UDAY KUMAR RAVI | A.T. +2 HIGH SCHOOL GANDEY | D.E.O,Giridih(Gandey) | AB |
| 463 | 341914626 | Ist Polling Officer | ARBIN KUMAR | A.T. +2 HIGH SCHOOL GANDEY | D.E.O,Giridih(Gandey) | AB |
| 464 | 341914637 | Ist Polling Officer | UDAY KUMAR | A.T. +2 HIGH SCHOOL DHANWAR | D.E.O,Giridih(Dhanwar) | AB |
| 465 | 341914658 | 3rd Polling Officer | ANIL KR. SINGH | CRP, UMS VISHUNPUR | B.E.E.O Birni | AB |
| 466 | 341914660 | 3rd Polling Officer | BALESHWAR MODI | CRP, MS KAPILO | B.E.E.O Birni | AB |
| 467 | 341914664 | Ist Polling Officer | ARVIND KUMAR MURMU | A.T.+2 HIGH SCHOOL BENGABAD | D.E.O,Giridih(Bengabad) | AB |
| 468 | 341914667 | Ist Polling Officer | TINKU KUMAR | A.T. +2 HIGH SCHOOL BHARKATTA | D.E.O,Giridih(Birni) | AB |
| 469 | 341914668 | Ist Polling Officer | RAVI PRAKASH MARANDI | A.T. +2 HIGH SCHOOL BHARKATTA | D.E.O,Giridih(Birni) | AB |
| 470 | 341914670 | Ist Polling Officer | ABHINAW PRASAD | A.T. SRSSR +2 HIGH SCHOOL SARI | D.E.O,Giridih(Suriya) | AB |
| 471 | 341914672 | Ist Polling Officer | SUMEET KUMAR | A.T. +2 HIGH SCHOOL SANKHO DEO | D.E.O,Giridih(Deori) | AB |
| 472 | 341914605 | Ist Polling Officer | VIVEK KUMAR BHADANI | PGT +2 COLLIERY HS BENIADIH | D.E.O,Giridih(Giridih) | AB |
| 473 | 341914683 | Female PO | PRIYA SEN | PGT +2 AGRAWALA HS TISRI | D.E.O,Giridih(Tisri) | AB |

नोडल पदाधिकारी,
कार्मिक कोषांग,
गिरिडीह

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, गिरिडीह

PR 323637 (Election)24-25*D


प्रधानमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जीतेंगे राज्य की सभी 14 लोस सीटें

# झारखंड राज्य भाजपा की देन,इसे भाजपा ही गढ़ेगी : अजय आलोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अजय आलोक ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य बनाया और मोदी जी गढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमने बनाया और हम ही गढेंगे। झारखंड और छत्तीसगढ़ दो राज्य एक साथ भाजपा ने बनाया और छत्तीसगढ़ में 15 साल लगातार भाजपा की सरकार रही, छत्तीसगढ़ एक विकसित प्रदेश बन गया। उन्होंने कहा कि जेएमएम का सही अर्थ **जमीन मारो मोर्चा** है और इनकी सरकार के पूर्व मुखिया आज जेल में बंद हैं और इनको उम्मीद है कि इनको सहानुभूति मिलेगी लेकिन भ्रष्टाचार से जनित किसी नेता को इस देश ने सहानुभूति नहीं दी है।

श्री आलोक ने कहा कि क्या दोष है झारखंड की जनता का? यहां की जनता ने एक आदिवासी मुख्यमंत्री को चुना और वही



मुख्यमंत्री आदिवासियों की 8.5 एकड़ जमीन को कब्जा कर लिया। उन्होने कहा कि यह सिर्फ एक मामला है, झारखंड में ऐसा न जाने कितने मामले होंगे? इस राज्य को न बनने देने के लिए झामुमो के शिबू सोरेन ने सौदा किया और अलग राज्य की स्थापना में लालू प्रसाद के साथ मिलकर देर किया। उन्होंने कहा कि राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने तो यहां तक कह दिया था कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगा। आज ये दोनों दल कांग्रेस के साथ सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अटल बिहारी वाजपेयी नहीं होते तो झारखंड अलग राज्य नहीं बनता। झारखंड, छत्तीसगढ़ , मध्यप्रदेश सहित तमाम राज्यों की जनाकांक्षाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गढ़ रहे हैं, जिसके कारण सुदुरवर्ती क्षेत्र की आदिवासी महिला भारत की राष्ट्रपति बनाई गई हैं। इससे पहले एक दलित समाज से आने वाले रामनाथ कोविंद भी देश के राष्ट्रपति बनाये गये थे। बाबूलाल मरांडी इस राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बने जिनके कार्यकाल को राज्यवासी अभी तक भूल नही पाये हैं। अर्जुन मुंडा का कार्यकाल हो, रघुवर दास जी का कार्यकाल हो इनके कार्यकाल में बनाई गयी सड़कों से पता चलता है कि भाजपा की सरकार में विकास कार्य कितना हुआ है।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जेब पर डाका डालकर झामुमो के लोग लूट मचाये हुए हैं। कांग्रेस नेता के यहां ईडी कार्रवाई में 354 करोड़ रुपया नकद बरामद हुआ, इतना रुपया कहां से आता है? जब इस पर सवाल उठते हैं तो ये कहते हैं कि केंद्र सरकार परेशान कर रही है। राज्य की जनता इस चुनाव में जवाब देगी। लोकसभा चुनाव में भी और राज्य की आने वाले विधानसभा चुनाव में भी जनता जवाब देगी। मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार थे।

## बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता की लुभावनी बातों में ना आएं भाजपा के नेता : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झामुमो के पार्टी कार्यालय में शनिवार को केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक द्वारा संवाददाता सम्मेलन में दिए गए वक्तव्य का विराध किया। कहा कि



भारतीय जनता पार्टी के आयातित प्रवक्ता का रांची आगमन हुआ। ऐसा लगा कि मानो कोई विद्वान आ गया हो। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विषय पर उन्होंने (अजय आलोक) जिस प्रकार से बयानबाजी की है, वो निंदनीय है क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा संघर्ष की बनी हुई पार्टी है। सुप्रियो ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंडी हित के लिए हमेशा संघर्ष करने के लिए कटिबद्ध रहा है। जिस प्रकार से भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं को आज रांची आए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सपना दिखाने का कार्य कर रहे हैं, हमारे पार्टी की ओर से यह उनके लिए राय होगी कि उनके लुभावनी बातों में ना आए।

## बीजेपी फिर से बाबूलाल मरांडी को सीएम का सपना दिखा रही: सुप्रियो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएमएम ने बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक के बयान पर कड़ी आपत्ति जतायी है और बीजेपी को हिदायत दी है कि इस प्रवक्ता को जल्द झारखंड से बाहर भेज दिया जाये। बाहर भेजने में जितना खर्च होगा उसका वहन जेएमएम करेगा। बीजेपी बाबूलाल मरांडी को एक बार फिर सीएम का सपना दिखा रही है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड हमने बनाया है और हम ही रहेंगे। पटना में एक हॉस्पिटल है जो उन्हीं का है। इस हॉस्पिटल को उनके पिता ने बनवाया था। किसी भी घर को बनाने में बहुत लोगों का योगदान होता है। लेकिन वह घर सभी व्यक्ति का नहीं हो जाता है। चार दशकों की लड़ाई के बाद हमें झारखंड मिला है और इसकी लड़ाई जेएमएम ने लड़ी।

**जिस व्यक्ति की जान का खतरा बीजेपी बता रही, वह कार्यकर्ताओं के बीच :** उन्होंने कहा कि किसी को जान का खतरा है। सुबह तो वह अपने कार्यकर्ताओं के बीच थे। बहुतों से बातें हुई होंगी। ऐसा झूठा आदमी, रक्षा सौदा में पैसा लेने वाला कौन था। एचईसी को बनाने वाला रिम्स की बिल्डिंग का डिजाइन बनाने वाला आदिवासी ही था। जयपाल सिंह मुंडा का अपमान किया जा रहा है। यह मानसिकता है कि आदिवासी कैसे आगे बढ़ सकता है। समय चक्र घूम रहा है।

## आदिवासियों की आस्था ही झारखंड की मूल पहचानः गुलाम अहमद मीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के महासचिव एवं झारखण्ड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि आदिवासियों की आस्था और प्रकृति के प्रति उनका गहरा विश्वास ही झारखण्ड की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, आदिवासियों की पहचान के साथ ही उनकी परंपरा को भी उसे स्वरूप में ढालना चाहती है, जहां आदिवासियों की एकजुटता का सीधा फायदा देश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही आदिवासियों के विश्वास का सम्मान किया है और गठबंधन की सरकार कायम होने के बाद सरना कोड को लागू किया जायेगा।



गुलाम अहमद मीर शनिवार को राजधानी के मुड़मा में शक्ति स्थल एवं बनहोरा में सरना स्थल पर मत्था टेकने के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से भी बातचीत की।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस, झारखण्ड के स्वभाव के साथ ही यहां के जनमानस की भावना को अच्छी तरीके से समझती है। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की भावना की अनदेखी कर झारखण्ड की कोई भी सरकार नहीं चल सकती और न ही उसे चलने दिया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, सरना धरम गुरु बंधन तिग्गा, सुखदेव भगत, अजय नाथ शाहदेव, जयशंकर पाठक, सुरेश बैठा, विनय सिन्हा दीपू, अभिजीत सहित अनेक नेता उपस्थित थे।

## बिजली चोरी रोकने के लिए आधुनिक तकनीक पर जेबीवीएनएल करेगा 1.05 करोड़ रुपए खर्च

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आधुनिक तकनीकों के माध्यम से बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए झारखंड बिजली वितरण निगम ने कमर कस ली है। आने वाले समय में बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए सब स्टेशन, फीडर स्तर पर मॉनिटरिंग करने की योजना है। जिसके तहत निगम की ओर से फीडर और लोकल डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफॉर्मर में मीटर जल्द लगाया जायेगा। निगम की ओर से इसकी प्रक्रिया जारी है। जेबीवीएनएल की मानें तो इस योजना में कुल 1.05 करोड़ रुपए खर्च किये जायेंगे। इस मीटर के जरिये निगम को यह पता चलेगा कि किस ट्रांसफॉर्मर क्षेत्र में बिजली की चोरी हो रही है। बिजली की आपूर्ति और खपत के अनुसार मीटर की चोरी का आकलन किया जायेगा। मीटर के जरिये ही निगम बिजली आपूर्ति, खपत और पूर्व में हुए डिस्ट्रब्यूशन को ध्यान में रखते हुए आकलन कर सकता है। फिलहाल, इसकी शुरूआत रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र से की जा रही है। इसके बाद अन्य जिलों में भी इसकी शुरूआत जल्द की जायेगी।

सब स्टेशन और फीडरों में मीटर लगने से बिजली चोरी में लगाम के साथ लोड की जानकारी भी मिल सकेगी। इससे बिजली की मांग बढ़ने के साथ सभी ट्रांसफॉर्मर के लोड का पता चल सकेगा।

## आजसू के लोस प्रभारियों की सूची जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 14 लोकसभा क्षेत्र के प्रभारियों की सूची जारी की है। राजमहल लोकसभा क्षेत्र से अकील अख्तर एवं चतुरानंद पाण्डे, दुमका से जोनाथन टुडू, अजय सिंह एवं तरुण गुप्ता, गोड्डा से ब्रजमोहन कुमार एवं खालिद खलील, चतरा से पारस सिंह एवं अशोक गहलोत, कोडरमा से अर्जुन बैठा, संतोष सहाय एवं अजीत वर्णवाल, गिरिडीह से लंबोदर महतो एवं नजरूल हसन हाशमी, धनबाद से उमाकांत रजक, रांची से हसन अंसारी एवं राजेंद्र मेहता, जमशेदपुर से रामचंद्र सहिस, स्वपन सिंहदेव एवं बनबिहारी महतो, सिंहभूम से दामू बानरा, सिद्धार्थ महतो एवं डॉ रीना गोडसरा, खूंटी से प्रो शरद चंद्र महतो, राम रतन महतो, रमेश मुंडा एवं डॉ गुंजल ईकिर मुंडा, लोहरदगा से डॉ देवशरण भगत, पलामू से कुशवाहा शिवपूजन मेहता, सतीश कुमार एवं संजय रंजन सिंह तथा हजारीबाग से परमेश्वर महतो, विजय साहू एवं विकास राणा होंगे।

दुमका पहुंचे सांसद निशिकांत दूबे ने किया दावा, कहा- टुकड़ों में बंट जायेगी पार्टी

# कल्पना सोरेन होंगी झारखंड की अगली सीएम और बसंत सोरेन छोड़ देंगे झारखंड मुक्ति मोर्चा!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया है कि झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के बेटे बसंत सोरेन जल्द ही पार्टी छोड़ देंगे। यह बातें उन्होंने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में दुमका के एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में पेश होने के बाद शनिवार को दुमका में कही। मीडिया से सवाल जवाब में उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन की विरासत को बचाने के लिए उनके छोटे पुत्र बसंत सोरेन जून-जुलाई तक झामुमो छोड़ देंगे। यह भी दावा किया कि वर्ष 2025 आते-आते झामुमो कई टुकड़ों में बंट जायेगा। कोई झामुमो सोरेन बनेगा, तो कोई झामुमो चंपाई तो कोई झामुमो मथुरा गुट बनायेगा। झामुमो का सिंबल भी जब्त हो जायेगा। निशिकांत ने भविष्यवाणी करते कहा कि कल्पना सोरेन के सीएम बनने के बाद जो पहला आदमी सोरेन परिवार से निकलने वाला है, वह भाई बसंत है। वह कभी भी आंदोलनकारी को छोड़ कर अपने पिता की विरासत को भाभी को नहीं सौंप सकते। ऐसे में अगले दो-तीन माह में वे पार्टी छोड़ देंगे।



**चंपाई सोरेन को सोचने का समय आ गया :** निशिकांत ने कहा कि यह चंपाई सोरेन को तय करना है कि आंदोलनकारी नेता होगा या किसी की बहू, बेटा, बेटी होने से नेता बन जायेगा। यह झामुमो के पूरे कैडर को सोचना होगा। सीता सोरेन झामुमो से निकल अब बीजेपी की उम्मीदवार हैं। लोबिन भी पार्टी से निकल जाएंगे और हो सकता है वे राजमहल से चुनाव लड़ें।

### मेरी तीसरी भविष्यवाणी भी सही साबित होगी

निशिकांत दुबे ने कहा कि उनकी बातों को झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य हवा में उड़ा देते हैं। जिस दिन सरफराज अहमद ने त्यागपत्र दिया था, उसी वक्त उन्होंने कहा था कि सरफराज अहमद राज्यसभा के सदस्य होंगे और वह सच साबित हुआ। कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा की उम्मीदवार होंगी, वह भी सत्य साबित हुई। अब तीसरी भविष्यवाणी यह है कि जिस दिन कल्पना चुनाव जीत कर आयेंगी, चंपाई सोरेन को बाहर कर देंगी। वह इस प्रदेश की सीएम होंगी, क्योंकि हेमंत सोरेन को बेल मिलने नहीं जा रहा है। दो बातें सत्य हो चुकी हैं, तीसरी बात भी सत्य होगी।

### अंजया स्टील है हेमंत सोरेन की बेनामी संपत्ति

निशिकांत दुबे ने कहा कि हजारीबाग में एक कंपनी है इनलैंड पावर। इसने हजारीबाग के झामुमो जिला अध्यक्ष बास्की के अकाउंट में करोड़ों रुपया जमा किया है। यह राशि बास्की द्वारा जमशेदपुर के अंजया स्टील को भेजी जा रही है। व्यक्तिगत तौर पर निशिकांत ने माना कि अंजया स्टील हेमंत सोरेन की बेनामी संपत्ति है। आज नहीं तो कल, इसका बड़ा खुलासा होने वाला है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर इनलैंड पावर क्यों करोड़ों रुपया झामुमो जिला अध्यक्ष बास्की के खाता में देगा? सारा बैंक अकाउंट ईडी को दिया गया है। यहां सिर्फ जमीन की ही लूट नहीं बल्कि फैक्ट्री की भी लूट हुई है। संपत्ति बनायी गयी है। जब लोकपाल की जांच बढ़ेगी जिसमें शिबू सोरेन उसकी पत्नी और परिवार के लोग दायरे में आएंगे तो सोरेन परिवार में सीता सोरेन और उसके परिवार के अलावे कोई भी चुनाव लड़ने के लायक नहीं रहेंगे।

### दुर्गा सोरेन की मौत की सीबीआई जांच

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 से ही वे दुर्गा सोरेन की मौत की जांच की मांग कर रहे हैं। किसी भी व्यक्ति की अस्वाभाविक मौत होती है तो बगैर पोस्टमार्टम के शव कैसे जला दिया गया। 16 तारीख तक वे स्वस्थ थे। चुनाव परिणाम आने पर दुर्गा सोरेन ने उन्हें बधाई दी। शाम में बोकारो में किसी शादी समारोह में शिरकत करने वाले थे। लोग उनका इंतजार करते रहे लेकिन वे नहीं पहुंचे। एक स्वस्थ व्यक्ति की अचानक मौत कैसे हो सकती है। शव का पोस्टमार्टम होना चाहिए था जो नहीं हुआ। इसलिए इस मामले की सीबीआइ जांच होनी चाहिए। जब बीजेपी की सरकार बनेगी तो निश्चित रूप से इस मामले की सीबीआइ जांच करायी जायेगी।

## धनबाद में हुई 4 जिलों के पदाधिकारियों के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा

# भीषण गर्मी में हो रहा है चुनाव, सुरक्षा पर रखें ध्यान : मुख्य चुनाव आयुक्त

**सभी पदाधिकारियों को 15 तारीख तक तैयारियों की रिपोर्ट करने का निर्देश**




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शनिवार को धनबाद में लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर जिले के मुख्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की और अब तक की चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने की प्राथमिकता को एक बार फिर रेखांकित किया।

इस मामले में सुरक्षा, क्राइम कंट्रोल, अवैध शराब व मादक पदार्थ की बिक्री की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। समाहरणालय में पत्रकार वार्ता के जरिये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चुनाव गर्मी में हो रहा है, इसीलिए वोटर, पोलिंग पार्टी, पोलिंग पर्सनल, सुरक्षा कर्मियों के लिए सभी जगह बिजली, पानी, टेंट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

सभी जिले के अधिकारियों को 15 दिन का टॉस्क दिया गया है। उसके बाद पुनः इन कार्यो की समीक्षा की जाएगी। क्रिमिनल प्रिंस खान के ऑडियो वायरल कर धमकी देने के सवाल प्पर उन्होंने कहा कि उस पर प्रशासनिक कार्रवाई शुरू हो चुकी है। आईजी के नेतृत्व में जांच चल रही है। पड़ोसी राज्य व जिलों की सीमा पर वाहनों की कड़ाई से जांच चल रही है। अब तक 28 करोड़ रुपये की बरामदगी हुई है। बॉर्डर एरिया में और अधिक सख्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिए पुलिस महानिरीक्षक एवं उप महानिरीक्षक को सहयोग प्रदान का निर्देश दिया गया है।

**आम लोगों को नहीं होनी चाहिए यातायात की असुविधा**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव को देश के महापर्व के रूप में मनाना है। मतदान कार्य में लगे सुरक्षाकर्मियों, मतदानकर्मियों एवं मतदाताओं की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखकर काम करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय कर लें। वाहनों के प्रबंधन में ध्यान रखें कि आम लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो एवं मतदान के दिन कर्फ्यू जैसा माहौल नहीं रहे। विशेष ध्यान रखना है कि मतदान के दिन सामान्य जनजीवन प्रभावित नहीं होने पाए।

**भगोड़े अपराधियों की संपत्ति होगी कुर्क**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन को भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती की कार्रवाई का निर्देश दिया। सोशल मीडिया सेल को एक्टिव करने तथा आठ मिनट के अंदर फेक न्यूज पर कार्रवाई की बात कही। अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर सघन जांच कराने एवं चेकपोस्ट पर सीसीटीवी के माध्यम से विशेष नजर रखने को कहा । राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सभी हिस्ट्रीशीटर एवं किंगपिन के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा पहली प्राथमिकता होगी। एक भी घटनाएं हुई तो अपराधियों पर कार्रवाई के साथ पदाधिकारियों की भी जिम्मेवारी तय होगी।

**बैठक में ये रहे उपस्थित**

पुलिस महानिदेशक अमोल होमकर विणुकांत, सीआरपीएफ के महानिदेशक राकेश अग्रवाल, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड संदीप सिंह, पुलिस उप महानिदेशक इंद्रजीत महता, पुलिस उप महानिदेशक धनंजय कुमार सिंह, सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक सतीश कुमार लिंडा, सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार, आईजी बोकारो, आईजी दुमका, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, डीआईजी बोकारो सुरेन्द्र कुमार झा, उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा, एसएसपी धनबाद हदीप पी जनार्दनन, उपायुक्त बोकारो विजया जाधव, एसपी बोकारो पूज्य प्रकाश, उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा।

## गिरिडीह में जख्मी टीएमटी फैक्ट्री के हेल्पर की मौत के बाद श्रमिको का आंदोलन

▶▶ पुलिस की सूझबूझ से मामला सुलझा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** शिवम स्टील टीएमटी फैक्ट्री में हेल्पर की मौत के बाद, मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों और असंगठित मजदूर मोर्चा के आंदोलन ने ओद्योगिक क्षेत्र के जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया।

औद्योगिक क्षेत्र के उदनाबाद में संचालित शिवम स्टील टीएमटी फैक्ट्री में काम कर रहे फार्निस हेल्पर राजू वर्मा की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों और असंगठित मजदूर मोर्चा ने शनिवार को मृतक राजू वर्मा के शव के साथ मुआवजे की मांग को लेकर गेट जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीण और मोर्चा के कार्यकर्ता इतने आक्रोशित थे की उन्होंने वाहनों के फैक्ट्री के आंदर आवागमण को पूरी तरह से बाधित कर दिया। जिसके कारण आयरन और टीएमटी लोड कई ट्रक प्लांट के गेट के बाहर ही खड़े थे। यहां तक कि ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए फैक्ट्री मालिक समेत अन्य कर्मियो को फैक्ट्री के बाहर से ही लौटना पड़ा।

मौके पर गेट जाम कर रहे परिजनों व ग्रामीणों ने बताया कि 47 वर्षीय राजू वर्मा शिवम स्टील फैक्ट्री के फार्निश डिवीजन में करीब पांच साल से कार्यरत था। मृतक राजू वर्मा दो दिन पहले ही काम करने के दौरान चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल राजू वर्मा को पहले नवजीवन और उसके बाद रांची में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की अहले सुबह उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा अगर सही तरीके से इलाज कराया जाता तो राजू की जान बच सकती थी। इस दौरान जानकारी मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों और मोर्चा के कार्यकर्ताओ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण और मोर्चा के कार्यकर्ता बगैर मुआवजा के गेट से हटने को तैयार नहीं थे। जिसे देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के पहल पर फैक्ट्री प्रबंधन व ग्रामीणों तथा मोर्चा के कार्यकताओं के बीच समझोता वार्ता होने के बाद परिजन शव को फैक्ट्री के गेट के पास से हटाया।

## बरोरा पुलिस पर गलत सत्यापन का आरोप

**कतरास।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह ए एम पी कोलियरी के पूर्व पंप ऑपरेटर धुरा पासवान की पत्नी सुभगिया कामीन ने धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिखकर बरोरा थाना पुलिस पर गलत सत्यापन करने का आरोप लगाते हुए मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। एस एस पी को लिखे पत्र में कहा गया है की बीसीसीएल में कार्यरत उनके पति की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र राजेंद्र पासवान ने संतान नहीं होने के कारण अपने मँझले साढू धरक्षण पासवान के पुत्र राहुल कुमार का नाम सेवा अभिलेख व कंपनी के रिकार्ड में दर्ज करा दिया। इसी बीच उनके पुत्र राजेंद्र पासवान की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनकी बहु ने अपनी बहन के पुत्र को अपना पुत्र बताकर नौकरी के लिए दावा प्रस्तुत किया है। जिसपर उन्होंने आपत्ति जताया है।

## 10 किलो भांग एवं 9 किलो गांजा खा गए चूहे

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** विचित्र किंतु सत्य। राजगंज थाना में जप्त कर रखा गया 10 किलो भांग एवं 9 किलो गांजा चूहा खा गया। उक्त आशय का खुलासा शनिवार को अनुसंधानक जयप्रकाश प्रसाद ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा की अदालत में की। अदालत में यह मामला अनुसंधान कर्ता की गवाही के लिए चल रहा था। पूर्व में अदालत द्वारा अनुसंधानकर्ता को जप्त प्रदर्श अदालत में लेकर आने का निर्देश दिया गया था। गवाही के लिए आज अनुसंधानकर्ता जयप्रकाश प्रसाद उपस्थित तो हुए परंतु अपने साथ जप्त भांग तथा गांजा लेकर अदालत नहीं आए। लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने थाना प्रभारी द्वारा दिए गए आवेदन से अदालत को अवगत कराते हुए कहा कि थाना प्रभारी द्वारा अपने आवेदन में कहा गया है कि मलखाना में रखें इस कांड के जब्त पदार्थ जो 10 किलो भांग तथा 9 किलो गांजा था उसे चूहों द्वारा विनष्ट कर दिया गया है जिससे वह अदालत में उक्त प्रदर्श को प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं। इस संबंध में राजगंज थाना में एक सन्हा भी दर्ज कर लिया गया है।

बताते चलें कि 14 दिसंबर 2018 को राजगंज थाने की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोप लगाया था कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर भांग तथा गंजा बरामद किया था। पुलिस इस संबंध में शंभू प्रसाद अग्रवाल एवं उसके पुत्र को गिरफ्तार किया था।

## पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय से निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली



खबर मन्त्र संवाददाता

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय से शनिवार की सुबह लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह के नेतृत्व में प्रखंड कर्मी एवं अंचल कर्मी,झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन लुईस हेंम्ब्रम,विद्यालय की शिक्षिका एवं छात्राओं द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई।

रैली में छात्राओं ने शिक्षाप्रद नारे लिखी तख्तियों के जरिये नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली लटानी बाजार के विभिन्न क्षत्रों से होती हई वापस पहुंची। रैली में प्रखंड के नाजिर मो तबरेज, अनवर अंसारी, इफ्तिखार अहमद खान, वीरेंद्र मंडल, रामसागर राम, टिंकू बाउरी, शिक्षिका कविता कुमारी, मुनमुन गोराई आदि शामिल थे।

## लिलोरी मंदिर रेल फाटक को चौड़ा करने की मांग

**कतरास।** कतरास धनबाद रेल मंडल अंतर्गत लिलोरी मंदिर कतरास के निकट रेलवे फाटक को चौड़ीकरण करने को लेकर कतरास क्षेत्र की समाजसेविका डा. मधुमाला ने सीपीग्राम के माध्यम से डीआरएम धनबाद को शिकायत की है। उन्होंने अपने शिकायत पत्र में कहा है कि धनबाद रेल मंडल के लिलोरी मंदिर कतरास के निकट रेलवे फाटक की चौड़ाई कम रहने से हमेशा वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। जिस कारण यहां हमेशा जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पत्र में कहा है की धनबाद बोकारो एवं धनबाद से रांची जाने का एक मुख्य मार्ग यह है। वाहनों के जाम के कारण कई छात्र परीक्षा हॉल नहीं पहुंच पाते हैं। मरीजों को हॉस्पिटल जाने में परेशानी होती है। जाम के कारण अक्सर यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## बीआईटी सिंदरी के भौतिकी विभाग के दो कर्मियों की हुई विदाई

### समारोह के निदेशक ने बुके व अंग-वस्त्र देकर किया सम्मानित



खबर मंत्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के भौतिकी विभाग से अवकाश प्राप्त सह प्राध्यापक डॉ बी झा एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी सुरेश सिंह चौधरी का विदाई समारोह शनिवार को विभाग में आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ पंकज राय ने दोनों कर्मियों को बुके एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे संस्थान निदेशक ने दोनों अवकाश प्राप्त कर्मियों के उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु होने की कामना की।

समारोह का संचालन कर रहे विभागाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार वर्मा ने दोनों कर्मियों के खुशहाल जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि डॉ बी झा जुलाई 2000 में बीआईटी सिन्दरी में आये एवं 30 नबम्बर 2023 को भौतिकी विभाग से सह-प्राध्यापक के पद से अवकाश प्राप्त किया। सुरेश सिंह चौधरी अगस्त 2010 को संस्थान में आए एवं अगस्त 2023 को अवकाश प्राप्त किया। धन्यवाद ज्ञापन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ घनश्याम ने किया।

समारोह में गणित विभागाध्यक्ष डॉ सी ठाकुर, रासायनिक विभागाध्यक्ष डॉ एस पी मिश्रा, खनन विभागाध्यक्ष डॉ पी के सिंह, सीडीसी चेयरमैन डॉ घनश्याम, डॉ एस एन विमल, डॉ मनोज मिश्रा, डॉ विरेन्द्र राजवार, प्रो लोकेशवर हेम्ब्रम, डॉ स्वाती तोमर, डॉ प्रियंका वर्मा, डॉ सुमन्तो सहित साइंस ब्लॉक के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## ढुल्लू के समर्थन को लेकर पसोपेश में भाजपा नेता और कार्यकर्ता

# डैमेज कंट्रोल के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का ताबड़तोड़ दौरा




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद संसदीय क्षेत्र से ढुल्लू महतो को प्रत्याशी घोषित करने के बाद भाजपा में उत्पन्न अंतर विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर स्थानीय उम्मीदववार के मिलने से मूलवासी पूरी तरह गोलबंद हैं तो दूसरी ओर अगड़ी जातियों में घोर नाराजगी है। इस डैमेज कंट्रोल के लिये संगठन के नेताओं का लगातार दौरा जारी है। जमीनी कार्यकर्ता ढुल्लू को अपनाने को तैयार नहीं हैं, लेकिन संगठन के चाबुक के भय से विरोध में कुछ बोलना नहीं चाहते।

धनबाद में ढुल्लू महतो ने एक ओर जहां अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है वहीं दूसरी ओर राज्य और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के पास इनके खिलाफ क्राइम के आंकड़ों का पुलिंदा भेजने से विक्षुब्ध भाजपाई बाज भी ाहीं आ रहे हैं। विरोध के स्वर को धार दे रहे विधायक सरयू राय के ढुल्लू विरोधी दस्तावेजी सबूत धनबाद के वोटरों तक प्रचारित किया जा रहा है। मामले की नजाकत को देखते हुए पार्टी आलाकमान की डैमेज कंट्रोल नीति के तहत संगठन के प्रमुखों का धनबाद दौरा भी चल रहा है। झारखंड-बिहार के प्रभारी संगठन महामंत्री नागेन्द्रनाथ त्रिपाठी दो दिन पूर्व अचानक धनबाद पहुंचे और सांसद पीएन सिंह व विधायक राज सिन्हा के साथ लंबी वार्ता की। सिम्फर गेस्ट हाउस में इनसे मिलने वालों की लंबी कतार रही। पार्टी के पदाधिकारियों से भी राय मशविरा किया। उनसे पहले पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर भई यहां आकर कार्यकर्ताओ की नब्ज टटोल कर उनका मिजाज जान जा चुके हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी काले हीरे के शहर में काला मन टटोलने आ पहुंचे। उनकी संसद पीएन सिंह व विधायक राज सिन्हा से अलग-अलग बातचीत हुई। श्री वाजपेयी ने बोकारो में भाजपा विधायक विरंची नारायण से भी मंत्रणा की। इससे पूर्व श्री वाजपेयी बाघमारा विधायक और धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो से मिलने पहुंचे और चिटाहीधाम में विधान सभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में शामिल हुए।

पार्टी लाइन के अनुदेशों के मद्देनजर भाजपाई पार्टी प्लेटफार्म पर तो बोलने से डरते है, लेकिन आम जनता के बीच अपनी भड़ास निकाल ही देते हैं। अब सबकी निगाहें महागठबंधन पर जा टिकी हैं। यदि कांग्रेस मजबूत चेहरा सामने लाने में कामयाम रही तो धनबाद लोकसभा की स्थिति 2004 जैसी होगी। उस वक्त चार बार की सांसद प्रो रीता वर्मा को हराकर कांग्रेस के ददई दुबे विजयी हुए थे।

ज्ञात हो कि भाजपा के वर्तमान उम्मीदवार ढुल्लू महतो अब तक बाघमारा क्षेत्र में ही अपनी राजनीति करते रहे है। यह क्षेत्र धनबाद लोकसभ का हिस्सा भी नहीं है। इस क्षेत्र में भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू के उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी उम्मीदवार है। ढुल्लू के समर्थकों को उन्हें ही वोट करना है, लेकिन समर्थक अब तक इस बात अनजान हैं। वहीं धनबाद लोकसभा सीट पर ढुल्लू की पकड़ कभी मजबूत रही नहीं, पार्टी के कार्यकर्ता भई अंदर ही अंदर नराज चल रहे हैं। ऐसे में यह चुनाव हर मायने में दिलचस्प होने वाला है।

## एक नजर में

### रामकनली में सीआईएसएफ ने छापा मारकर अवैध कोयला जब्त किया

**कतरास।** रामकनाली ओपी अंतर्गत 17 नंबर डंप में अवैध रूप से जमा किये गए कोयले को सीआईएसएफ ने जब्त कर बीसीसीएल प्रबंधन के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस प्रशासन से छुपाकर चोरी छिपे उक्त कोयला बाहर मंडियो में तस्करी के लिए जमा किया गया था। बताते हैं सीआईएसएफ को सूचना मिलने के उपरांत बल के जवानों ने छापा मारकर कोयला जब्त कर लिया। मालूम हो की धनबाद एसएसपी पी जनार्दन की पहल पर पिछले तीन माह से कोयले का अवैध कारोबार बंद था परन्तु कोयला तस्कर चोरी छिपे पुनः अपने अवैध कारगुजारियों में लग गए हैं। छापामारी से अवैध ढंग से कोयले का कारोबार करने वाले तस्करों के होश उड़ गए हैं।

### उत्पाद विभाग ने दामोदर पुर में एक घर से बरामद की नकली शराब

▶▶ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जारी है उत्पाद विभाग का अभियान



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर उत्पाद विभाग ने जिले के अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चला रखा है। इस कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को दामोदरपुर में एक घर पर छापेमारी कर 19 पेटी नकली विदेशी शराब बरामद की है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि नीलकमल डे नामक एक व्यक्ति के घर में नकली शराब का कारोबार चल रहा रहा था। बरामद शराब का भंडारण एक या दो दिन पहले ही किया गया था। उन्होंने बताया छापेमारी में 19 पेटी लगभग 171 लीटर शराब बरामद की गई है। इसका अनुमानित बाजार मूल्य 80 हजार रुपये है।

### कतरास व बाघमारा में भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**कतरास।** भारतीय जनता पार्टी कतरास कार्यालय में शनिवार को पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। मौके पर पार्टी का ध्वज कतरास कार्यालय में लगाया गया। पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर वक्ताओं नें पार्टी की स्थापना के बारे में जानकारी दी कहा की पार्टी की स्थापना राष्ट्रवाद एवं मानव सेवा को लेकर की गई थी। वक्ताओं ने कहा की भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। मौके पर उपस्थित कार्यकताओं ने एक स्वर में भाजपा के 400 पार नारे को पूरा करने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य रूप से सूर्यदेव मिश्रा, प्रकाश राम गुप्ता, मुकेश झा, श्याम किशोर, दिनेश उपाध्याय, छोटू साव, वाई के पाठक, नितिन शर्मा, चेतन शर्मा, रविंद्र विजन, उषा पटवा, विजय चौहान, पप्पू साव, चंदन चौहान इत्यादि उपस्थित थे। वहीं बाघमारा हाई स्कूल स्थित कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष बच्चू राय की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया गया।

### गावां में पांच पशु लोड वाहन जब्त

**गिरिडीह।** जिले में गो वंश तस्करी का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गावां थाना पुलिस ने आज 5 पशु लोड पिकअप वाहन किया जब्त किया है। गश्ती दल के पुलिस जवानों ने सभी पशुओं को गावां-तिसरी पथ पर जब्त किया है। इस मामले में वाहन चालक ने पुलिस को बताया कि वाहन में सभी दुधारू गाय और बछड़ा लोड है। बाद में थाना प्रभारी के निर्देश पर सभी पशुओं को पशु चिकित्सक के द्वारा जांच कराया गया जहां दुधारू पशु होने की बात कही गयी। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि सभी पशु दुधारू होने के कारण उसे मुक्त कर दिया गया है। कहा कि सभी पशु को गिरिडीह के एक दूध खटाल ले जाया जा रहा था। जिसके कारण उसे मुक्त कर दिया गया है। सभी पशुओं की पशु से चिकित्सक से भी जांच कराई गई है, जिसमें सभी पशु दुधारू पाए गए हैं।
डीएचएन 6 फोटो-7

### रामनवमी और ईद को लेकर गोशाला ओपी में हुई शांति समिति की बैठक

▶▶ सिर्फ एक लाइसेंसी रामनवमी अखाड़ा ही सड़क पर जुलूस निकालेंगे



**सिंदरी।** रामनवमी और ईद उल फितर शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर गोशाला ओपी में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता ओपी प्रभारी अनिल मंडल ने की। उन्होंने बैठक में कहा कि वरीय अधिकारियों के निर्देश के अनुसार दोनों पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर बैठक की जा रही है। हनुमान जन्मोत्सव पर रांगामाटी जय माता दी मंदिर से शहरपुरा शिव मंदिर व गोशाला मोड़, गोशाला बाजार से कांड्रा कोलबोर्ड हनुमान मंदिर तक पिछले वर्ष निकाली गई भव्य शोभायात्रा के लिए कमेटी को धनबाद एसडीओ से आदेश लेने की सलाह दी, ताकि शोभायात्रा में कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में केवल एक लाइसेंसी रामनवमी अखाड़ा ही सड़क पर जुलूस निकालेंगे। डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। राजनीतिक दल के प्रतीक चिह्न, झंडे व गमछों का प्रयोग पूर्णतया वर्जित होगा। मौके पर गोशाला ओपी के एसआई शालन पॉल करकट्टा, एएसआई जयमशीह लकड़ा, दिनेश महत्ता, सहदेव सिंह, दशरथ ठाकुर, अशोक महतो, अमर सिंह, डी एन दुबे, विरंची महतो, चमक लाल सिंह, मंगल होरो, गुल मोहम्मद, अख्तर अली, रंजीत महतो, सोनू सिंह, अंजना देवी, बैजंती देवी, मीणा देवी, सोनिया देवी, चूमकी देवी, सुमन तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### नीरज हत्याकांड के शूटर सागर सिंह की तबीयत अदालत में बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के आरोप में जेल में बंद शूटर सागर सिंह की तबीयत शनिवार को अदालत में बिगड़ गई। कोडरमा जेल से आज सुबह सागर सिंह को धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में गवाही के लिए पेश किया गया था। अदालत में गवाही के लिए पहुंचते हैं सागर सिंह ने पेट में दर्द की शिकायत की एवं अदालत के बरामदे एवं अदालत कक्ष में जमीन पर लेट कर छटपटाने लगा। न्यायाधीश अखिलेश कुमार के आदेश पर जेल प्रशासन ने तुरंत डॉक्टर को अदालत में भेजा अदालत में डॉक्टर ने सागर की जांच करने के बाद और जांच के लिए एसएनएमसीएच भेजने की सलाह दी जिसके बाद सागर सिंह को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी जांच कर अल्ट्रासाउंड करने का निर्देश दिया है सागर सिंह फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। जिस कारण अदालत में आज उसकी गवाही नहीं हो सकी।

### जेल में बंद बंटी खान रिम्स में भर्ती

**धनबाद।** जमीन कारोबारी नन्हे हत्याकांड के आरोप में जेल में बंद गैंग्स ऑफ वासेपुर के सदस्य बंटी खान को तेनुघाट जेल प्रशासन शुक्रवार को रांची स्थित रिम्स में बेहतर उपचार के लिए दाखिल करवाया है। बंटी खान फिलहाल बोकारो के तेनुघाट जेल में विचाराधीन बंदी के रूप में धनबाद से स्थानांतरित किया गया था। तेनुघाट जेल में उसके कमर तथा रिढ में तकलीफ शुरू हो गई। बंटी खान का पूर्व से गंगाराम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश षष्टम स्वयंभू की अदालत के आदेश के बाद बंटी खान को रांची रिम्स में भर्ती कराया गया है।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मधुबन में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन

# चन्द्रप्रकाश चौधरी को दुबारा प्रत्याशी बनाये जाने का किया विरोध, हंगामा

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को जैन समाज के तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर मधुबन के मध्य लोक भवन में भाजपा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहू, प्रकाश सेठ, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, विभाकर पांडेय, श्याम गुप्ता, संदीप डंगाईच, सुभाष सिन्हा, महिला मोर्चा की नेत्री प्रो विनीता कुमारी समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव में पूरी सक्रियता के साथ एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। हालांकि गिरिडीह लोकसभा से चन्द्रप्रकाश चौधरी को दुबारा प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज चल रहे कुछ भाजपाइयों ने सांसद पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए काफी देर तक हंगामा किया। भाजपा नेताओं ने हंगामा कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं को समझाते हुए शांत कराया।

इधर सम्मेलन के समापन के बाद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस सम्मेलन के बाद अब भाजपा और एनडीए एकजुट हो चुका है। कही कोई नाराजगी नहीं है। उन्होंने गांडेय उपचुनाव की प्रत्याशी कल्पना सोरेन के द्वारा केन्द्र सरकार पर फंड को लेकर लगाए आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के फंड के बलबूते ही झारखंड की नैया इंडी गठबंधन की सरकार पार लगा रही है। कहा कि जितने भी फंड दिए गए हैं, उसका भी सरकार ने घोटाला कर दिया है। उन्होंने सदर विधायक पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें कमजोर न समझा जाए। सम्मेलन में नगर अध्यक्ष हरविन्दर सिंह बग्गा, विवेश जालान, दारा हाजरा, शरद भक्त, दीपक पंडित, संतोष गुप्ता, रंजीत बरनवाल, अरविंद बरनवाल, श्याम गुप्ता, मनोज संघाई, ज्योतिश शर्मा, समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीडीओ ने मतदान केंद्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**सभी प्रधानाध्यापकों को बिजली-पानी और शौचालय की व्यवस्था करने को कहा**



**खबर मंत्र संवाददाता**

गोविंदपुर। प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम ने सभी प्रधानाध्यापकों को मतदान केंद्र वाले विद्यालयों में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने विद्यालय प्रधानों से मतदान केंद्र वाले कमरों में बिजली वायरिंग, स्विच बोर्ड, पंखा तथा शौचालयों को हर तरह से क्रियाशील रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा है कि शौचालय साफ सुथरे हों तथा सभी शौचालय में दरवाजे की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि मतदान पार्टी को विद्यालयों में किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों और बीएलओ को भी सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा विद्यालयों की रसोइयों को भी मतदान के एक दिन पूर्व तथा मतदान के दिन विद्यालय में रहने और पोलिंग पार्टी से उचित राशि लेकर उनके भोजन की भी व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि राज्य एवं जिला स्तर की टीम द्वारा मतदान केंद्र वाले विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा और यदि कहीं गड़बड़ी पाई गई तो विद्यालय प्रधान और संबंधित शिक्षक जिम्मेदार होंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर लिया है और प्रखंड के सभी कनीय अभियंताओं एवं सहायक अभियंता को मतदान केंद्रों की व्यवस्था में लगा दिया गया है।

## खबर एक नजर में

### टाटा स्टील के कर्मचारियों ने ली मतदाता शपथ

▶▶टाटा झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर नेकर्मियों को दिलाई मतदान की शपथ

**धनबाद।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने शनिवार को वेलनेस वॉक के दौरान अपने कर्मियों अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेकर समाज की बेहतरी में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

### सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**धनबाद।** एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में शनिवार को पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव का प्रशिक्षण दिया गया। बाघमारा, झरिया और टुंडी विधान सभा के 260 सेक्टर और पुलिस पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी को वल्नेरेबल मैपिंग, मतदान केंद्र में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, पोल डे से एक दिन पहले के कार्य, मतदान के दिन के कार्य एवं मतदान संपन्न होने के बाद के कार्य में उनके दायित्व के बारे में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही ईवीएम हैंड्स ऑन कराया गया और मॉक पोल करने के तरीके बताए गए। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, उमेश लाल, कुमार वंदन उपस्थित थे।

### तोपचांची के युवक को हरियाणा पुलिस ने लिया ट्रांजिट रिमांड पर

**धनबाद।** तोपचांची थाना क्षेत्र के नरकोपी निवासी विकास कुमार को हरियाणा की रेवाड़ी पुलिस ने शनिवार को 72 घंटे के ट्रांजिट रिमांड पर लिया है। पुलिस ने उसे कल गिरफ्तार किया था और प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर ले जाने की अनुमति मांगी। अदालत ने आरोपी को 72 घंटे के ट्रांजिट रिमांड पर ले जाने का निर्देश दिया है। आरोपी के खिलाफ गेस्ट हाउस से चोरी करने का आरोप है आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास से एक मोबाइल तथा लैपटॉप पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। आरोपी हरियाणा के गेस्ट हाउस में काम करता था और वहीं घटना को अंजाम दिया था।

### एमपीएल ने खिलाड़ियों के बीच किया खेल सामग्री का वितरण

▶▶सपनों को पूरा करने में स्पोर्ट्स की भूमिका अहम : सीईओ

**मैथन।** एमपीएल सीएसआर की ओर से शनिवार को राज ग्राउंड पोद्दारडीह में 214 खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। इस मौके पर एमपीएल अधिकारियों की धर्मपत्नियों ने खेल मैदान पहुंच कर खिलाड़ियों की हौसला आफजायी की तथा खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। खेल में लड़कियों की भागीदारी पर बल देते हुए अभिभावकों से सहयोग की अपील की। कहा कि एमपीएल सीएसआर द्वारा 678 खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। इस दौरान खिलाड़ियों ने शॉटपुट, बॉक्सिंग, डिस्को, जैबलिन जैसे खेलों का प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स कीट्स प्राप्त करने वालों में राज्य की तरफ से विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाले 44 खिलाड़ी, राज्य स्तर के 60, अंतर जिला 11, जिला स्तर के 81 एवं राज्य सरकार के आवासीय प्रशिक्षण के चयनित 8 खिलाड़ी सहित 7 कोच तथा 3 प्रबंधक शामिल हैं। एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने अपने संदेश में कहा है कि सपनों को पूरा करने में खेल की भूमिका अहम है। इसके लिए निरंतरता के साथ दृढ़ता, प्रयास और समर्पण महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। खेल सामग्रियों का वितरण करते हुए सीईओ की धर्मपत्नी डॉ. सरिता रंजन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से जो प्रतिभा विकसित होता है वह उजालों की तरह चमकता है। खेल समग्र विकास का घोतक है। कहा की खेल एक ऐसी उपासना है जिसमें सफलता का रहस्य छिपा है। चीफ ओएण्डएम की धर्मपत्नी शालिनी टंडन ने कहा खेल वहां से शुरू होता है, जहां मन की सीमाएं समाप्त होती हैं। चीफ ओएण्डएम सर्विसेज की धर्मपत्नी रनीता गंगवाल ने कहा कि खेल उंचाईयों तक पहुंचाता है। इसके अलावा डॉ. स्वपनील, अर्चना गौतम, राखी चटर्जी, संत्वना बंधु, रीना सिंह तथा श्रीमती मालेश्वरी ने भी खिलाड़ियों का मान बढ़ाया।

### ओलंपियाड परीक्षा में डीपीएस चास के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बोकारो।** डीपीएस चास के कक्षा पहली से नवीं तक के 700 विद्यार्थियों ने गणित विज्ञान अंग्रेजी हिंदी और सामान्य ज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ प्रतिभागिता निभाते हुए अपनी प्रतिभा तथा दक्षता का प्रदर्शन किया। ओलंपियाड परीक्षाओं के सिल्वरजोन ओलंपियाड में जहां कक्षा द्वितीय के ईशान कुमार बाउरी ने अंग्रेजी में जोनल टॉपर रैंक हासिल किया है, वहीं कक्षा छठवीं के दक्षेश गोस्वामी और कक्षा आठवीं के बिजय कुमार महतो को विज्ञान में स्टेट टॉपर के रूप में सम्मानित किया गया है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन तथा प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी।

### उधवा में 50 बोतल विदेशी शराब व 10 लीटर महुआ के साथ एक गिरफ्तार

**उधवा।** राधानगर पुलिस ने अवैध रूप से शराब खरीद बिक्री करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जेल। शनिवार को राधानगर पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को एफ एस टी टीम के पु०अ०नि० रुपेश कुमार यादव को गुप्त सुचना मिली की राधानगर थाना अन्तर्गत अमानत दियारा ग्राम में एक व्यक्ति संजय मंडल के द्वारा अवैध रूप से शराब का खरीद बिक्री काफी जोरो से किया जा रहा हैं। इस सूचना को वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार एक टीम गठित की गयी एवं उक्त सूचना की सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु अमानत दियारा ग्राम पहुंचा जहां उक्त सूचना का सत्यापन कर छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में उक्त व्यक्ति संजय मंडल के घर से अवैध शराब बरामद की गयी एवं उक्त व्यक्ति संजय मंडल पिता गणेश मंडल, सा० छब्बू डॉक्टर टोला अमानत दियारा, थाना राधानगर को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं राधानगर थाना कांड संख्या 52/24 दर्ज किया गया हैं।

## एप्टा ने कोचिंग शिक्षकों को सम्मानित किया

**गिरिडीह।** जिले के एक स्थानीय होटल में एप्टा संगठन द्वारा प्राइवेट कोचिंग शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। बैठक में अतिथि के रूप में अर्का जैन यूनिवर्सटी के डेलीगेट्स एवं एप्टा संगठन के मुख्य संरक्षक राजेश सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एप्टा के सचिव अधिवक्ता सूरज नयन एवं संचालन एप्टा के संयुक्त सचिव सह कॉर्डिनेटर आलोक मिश्रा ने किया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम एप्टा के सचिव सूरज नयन ने एप्टा के गठन वर्ष 2015 से अब तक के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से उपस्थित सदस्यों को बताया. इसके अलावे एप्टा द्वारा भविष्य में किये जाने वाले समाजिक कार्यक्रम एवं योजना के बारे में उपस्थित शिक्षकों को बताया। मुख्य संरक्षक राजेश सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2024 से 2028 के लिए एप्टा संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव होना है, तब तक के लिए वर्तमान कमिटी ही वर्किंग कमिटी के रूप में कार्य करती रहेगी। इसके बाद अर्का जैन युनिवर्सिटी से आये अतिथियों ने उपस्थित सभी शिकक्षों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन श्री आलोक मिश्रा ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन से किया। इस कार्यक्रम में प्राइवेट कोचिंग सेंटर के लगभग 50 से ज्यादा शिक्षक शामिल थे। जिनमें विकाश तिवारी, चंचल मिश्रा, अशोक गुप्ता, सुबी आलम, दीपक श्रीवास्तव, निशांत भास्कर, प्रीति भाष्कर, आफताब आलम, मिंटू कुमार, प्रणव मिश्रा, आदि कई शिक्षक शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा बसती है : डा. मुक्ति किशोर

**खबर मंत्र संवाददाता**

**कतरास।** सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में शनिवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया. मौके पर पाटलिपुत्र हास्पिटल इमरजेंसी मेडिकल आफिसर डा. मुक्ति किशोर, विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा, एकल आरोग्य सेवा प्रकल्प, उत्तर झारखंड क्षेत्र के सेवक सेवक राम, सेविका नीता कुमारी, श्रीमती देवंती देवी, पूजा कुमारी, किरण कुमारी एवं जमनी देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ द्वीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा. मुक्ति किशोर ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा बसती है। अतः हम खानपान में संयम बरतना चाहिए। उन्होंने बाजारू वस्तुओं का कम से कम प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज हर घर में डिब्बा बंद वस्तुएं यथा पिज्जा, बर्गर, मोमोज, चाऊमीन आदि बच्चों को दिये जा रहे हैं जो बच्चों के स्वास्थ्य व विकास के लिए हानिकारक है। उन्होंने यह कहा कि आज बड़ों के साथ-साथ सुबह में बच्चों को भी चाय और बिस्कुट दिया जा रहा है, जो उनके लिए जहर का काम करता है। अतः ऐसी खाद्य वस्तुओं से परहेज करना चाहिए। पहले के लोग स्वनिर्मित काढ़ा का सेवन करते थे। जिससे उनके स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ता था तथा वे निरोग रहते थे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर हमें अपने स्वास्थ्य का भी परीक्षण कराना चाहिए क्योंकि आज के बच्चे कल के भविष्य है। जिनके द्वारा एक विकसित राष्ट्र का निर्माण होना है। उन्होंने भैया भैया-बहनों को सलाह दिया कि आप अपने घर में आहार वाटिका एवं पोषण वाटिका का निर्माण करें ताकि आपको ताजे फल एवं सब्जियां प्राप्त हो सके। उन्होंनें यह भी कहा कि भारत का आयुर्वेद विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेद की श्रेणी में आता है। जिसकी मांग आज संपूर्ण संसार में है। मौके पर प्राचार्य राकेश सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य हमारा अमूल्य धन है। इसके प्रति सावधान रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य मुरारी दयाल सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की आचार्या डा. निशा तिवारी, नवल किशोर झा, पंकज कुमार गुप्ता, पीयूष वेरा, सुधीर कुमार दास, राहुल कुमार राय, अनूप कुमार पांडेय, अनिल कुमार, श्रीमती कुमारी नमिता ने योगदान दिया।

# झरिया में दो पक्षों मे मारपीट, वाहनों में तोड़फोड़ दागी गोलियां पुलिस का इंकार

**खबर मंत्र संवाददाता**

झरिया। झरिया थाना क्षेत्र के ऊपरकुल्ही-सिंदरी रोड में शुक्रवार की रात लगभग दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान स्विफ्ट कार और स्कूटी में तोड़फोड़ भी हुई इस दौरान एक पक्ष ने तीन राउंड फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। घटना के संबंध में उपरकुल्ही निवासी ट्रांसपोर्टर मोहम्मद मिस्टर मल्लिक ने बताया की शुक्रवार की रात हम अपना साला इमरान के साथ घर के बाहर सड़क के समीप खड़े थे तभी वासेपुर निवासी मुजाहिद अपने दो साथी आमिर और सोएब कुरेशी के साथ काले रंग के स्कॉर्पियो से आया और उनका साला इमरान से अचानक बहस शुरू कर दिया। बहस के दौरान मारपीट करते हुए आमिर और मुजाहिद ने हॉकी स्टिक से सड़क किनारे खड़े मिस्टर के स्विफ्ट कार संख्या JH 10BS 4739 और स्कूटी संख्या JH 10 BC9767 मे तोड़ फोड़ शुरू कर दी। इतने में आमिर और मुजाहिद के साथ आए शोएब कुरेशी ने पिस्टल निकाल कर तीन राउंड फायरिंग कर दी। इस दौरान मैं और मेरा साला इमरान जैसे तैसे अपनी जान बचाकर भागा। जिसके बाद मुजाहिद, आमिर और शोएब वापिस स्कॉर्पियो में बैठकर भाग निकले। वही घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वहीं स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी झरिया पुलिस को दी, सूचना मिलते ही झरिया थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए। देर रात तक किसी भी पक्ष के लोग ने थाने में शिकायत नहीं की है। वहीं गोली चलने को लेकर पुलिस की तरफ से अभी तक कोई भी अधिकारी बयान सामने नहीं आया है और ना ही झरिया पुलिस ने गोली का खोखा बरामद किया है। झरिया पुलिस फायरिंग की घटना से भी इंकार कर रही है।

### फुसरो मे रोजा इफ्तार पार्टी में दिखी मजहबी एकता

**बेरमो।** फुसरो बाजार स्थित महतो मार्केट मे यंग ब्लड बेरमो के केंद्रीय अध्यक्ष जावेद खान की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में मजहबी एकता बखूबी देखने को मिली। रोजेदारों के साथ ही हिदू धर्म के लोगों इफ्तार से पहले हाथ उठाकर देश में अमन शांति की बहाली के लिए दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी से संदेश दिया गया कि देश में हर एक धर्म जाति के लोग मेल मोहब्बत से रहते हैं, यहां नफरत की कोई जगह नहीं है। इफ्तार के बाद दोनों धर्म के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाया। वहीं, इफ्तार पार्टी से संदेश देने की कोशिश की गई कि देश में हर एक धर्म के लोग मेल मोहब्बत से रहते हैं। यहां नफरत की कोई जगह नहीं है।

## प्रधानखंता में मालगाड़ी हुई बेपटरी

**भेजा गया दुर्घटना राहत यान, घंटों मशक्कत के बाद पहिये आए पटरी पर**



**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत प्रधानखंता स्टेशन पर शनिवार की सुबह एक मालगाड़ी बेपटरी हो गई। इस कारण धनबाद -हावड़ा, सिंदरी और टाटा, दिल्ली रूट की अप और डाउन लाइन की रेल सेवा बाधित हो गई। 12019 हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस प्रधानखंता में, 22387 हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस आसनसोल में, 13503 बर्धमान-हटिया पैसेंजर बराकर में, 08677 विष्णुपुर-धनबाद पैसेंजर पाथरडीह में घंटों खड़ी रही।

घटना की सूचना रेलवे कंट्रोल को मिलने के बाद धनबाद से दुर्घटना राहत यान भेजा गया है। घंटों मशक्कत के बाद ट्रेन के पहिये को वापस पटरी पर लाया गया। उसके बाद यातायात व्यवस्था सुचारू हुई। इस संबंध में स्टेशन मास्टर ने बताया कि धनबाद से खाली मालगाड़ी का रैक पाथरडीह भेजा गया था। प्रधानखंता क्रॉसिंग के पास मालगाड़ी का एक डब्बा पटरी से उतर गया। घटना के कारण का पता नहीं चला है। प्रारंभिक जांच में पॉइंट में गड़बड़ी बताई गई है। इंजीनियरिंग, आपरेटिंग और सेफ्टी विभाग के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

## मतदान केंद्रों पर एएमएफ के तहत सारी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश

**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बीईईओ सावित्री तिर्की की अध्यक्षता में सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की गुरु गोष्टी सह समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में एग्यारकुंड बीडीओ मधु कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में बीईईओ सावित्री तिर्की ने जिन विद्यालयों में मतदान केंद्र स्थित है, उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को एएमएफ के तहत सारी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया। इसके अलावा शिक्षक बायोमैट्रिक अटेंडेंस, मध्यान्ह भोजन संचालन की स्थिति, मध्यान भोजन में छात्रों की उपस्थिति की ईविद्या वाहिनी में प्रविष्टि, एमडीएम प्रतिदिन एसएमएस की स्थिति, मध्यान भोजन में खर्च किए गए राशि से संबंधित प्रतिवेदन, रोकड़ पंजी अद्यतन की स्थिति, प्रयास कार्यक्रम के तहत मार्च 2024 का रिपोर्ट, प्रयास साप्ताहिक बैठक की स्थिति, प्रोजेक्ट इंपैक्ट अनुपालन की स्थिति, प्रोजेक्ट रेल का ई विद्या वाहिनी में अंक के अपलोड की स्थिति आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए विभिन्न मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय, रैंप, पंखा, बिजली, प्रत्येक मतदान केंद्र में दो चार्जिंग पॉइंट, शौचालय, फर्नीचर आदि अपडेट रखें। कहा कि मतदान केंद्र स्थित विद्यालयों में एएमएफ के तहत जो भी प्राइमरी स्तर पर सुधार कर सकते हैं।

### घर मे खाना बनाने के दौरान एक महिला आग से झुलसी

**साहिबगंज।** मुफ्फसील थाना क्षेत्र के लालबथानी गांव में घर मे खाना बनाने के क्रम मे एक महिला आग से झुलस गई। झुलसी महिला को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डा. कृष्णा केशव ने झुलसी महिला का इलाज प्रारंभ कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार झुलसी महिला लालबथानी गांव निवासी मो मजहर के 30 वर्षीय पुत्री सकीला खातुन है। झुलसी महिला के पिता मो मजहर ने बताया कि मेरी पत्नी घर में खाना बना रही थी। इसी क्रम मे गैस से आग फैली गया। बगल में बैठी में पुत्री खातुन आग से झुलस गई। हमलोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वही चिकित्सक डा कृष्णा केशव ने बताया कि महिला का शरीर का आगे का हिस्सा झुलस जाने के कारण उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# दामोदर व कुम्हडी घाट में स्नान के बाद बारूनी मेला में उमड़ी भीड़

**खबर मंत्र संवाददाता**

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत भाटडीह ओपी क्षेत्र के नागदा दामोदर नदी घाट एवं बोकारो जिला के कुम्हड़ी घाट पर शनिवार को हजारो श्रद्धालुओं ने बारुणी तिथि के शुभ अवसर पर आस्था की डुबकी लगाकर वहां पर स्थित पद -चिन्हो की पूजा अर्चना की और फिर बारुणी मेला का आनंद लिया। प्रति वर्ष चैत माह की त्रयोदशी तिथि कृष्ण पक्ष को दामोदर नदी के नागदा घाट पर बारुणी स्नान की अलग ही मान्यता है बताया जाता है की

वनवास काल के समय भगवान श्रीराम माता सीता भाई लक्ष्मण जी रात्री विश्राम किए थे सुबह चैत माह के त्रयोदशी तिथि में सुबह स्नान करके शिव की पूजा अर्चना किए थे। तभी से लोग दामोदर नदी में स्नान कर पुण्य के भागी बनते हैं। बारूणी स्नान मेला में झारखण्ड बंगाल, उड़ीसा, के अलग अलग जिलों से लाखो की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे आते हैं। यह मेला का कोई भी आयोजन कर्त्ता नही होता है। प्रति वर्ष चैत माह की त्रयोदशी तिथि कृष्ण पक्ष को दामोदर नदी पर सुबह होते ही श्रद्धालु आने लगते है जो शाम तक मेला का रूप में लोग रहते है। झारखंड राज्य का एक मात्र बारूणी स्नान मेला यहां लगता हैं फिर भी धनबाद या बोकारो जिला प्रशासन इस मेला को लेकर कोई उत्सुकता नही है वहां के लोगो का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा कुछ व्यवस्था नही की जाती है। इतनी प्रचंड गर्मी मै स्नान करने आए हुए श्रद्धालुओ को पीने की पानी काफी दिक्कत होती है और ना ही अच्छी सड़क है। लोग घने जंगलों और ऊंची नीची रास्तों में अपना सफर तय करके घाट पहुंचते है। मेला में पूजा की सामग्री झूला, पकवान की भी आनंद भी लोग लेते है । श्रद्धालुओ ने बताया की आज के दिन दामोदर नदी में स्नान करने को शुभ माना जाता हैं इस लिए हम लोग यहां प्रति वर्ष आते है। लेकिन यह पर कोई सुविधा नहीं रहने से हमे काफी कठिनाई की सामना करना पड़ता है।

# गांजा तस्करी के दो आरोपी को 15 वर्ष की कैद

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** उड़ीसा से सड़क मार्ग से गांजा लेकर हजारीबाग जा रहे दो गांजा तस्करों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा कीअदालत ने शनिवार को 15 वर्ष का कठोर कारावास एवं डेढ़ डेढ लाख रुपए आर्थिक जुमार्ना की सजा सुनाई है। दोनों आरोपी को 30 मार्च को ही दोषी करार दिया गया था। अदालत में आज सजा की बिंदु पर सुनवाई की गई।गिरिडीह जिला के निमियाघाट निवासी गांजा तस्कर उमाशंकर कुमार दास एवं सरायकेला रायडीह बस्ती आदित्यपुर निवासी चालक सोनू कुमार सिंह के पास से पुलिस ने 84.422 किलो गांजा बरामद किया था। अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य है इसके प्रति नरमी नहीं बरती जा सकती। प्राथमिकी सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी के लिखितआवेदन के आधार पर 6 जून 2019 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 6 जून 19 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गोविंदपुर की ओर से चार चक्का वाहन से गांजा लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन चेकिंग शुरू किया तभी एक सेंट्रो कार को जांच के लिए रोका तथा उसे कागजात मांगे गए। कार सोनू कुमार सिंह चला रहा था जबकि ड्राइवर के बगल वाले सीट पर उमाशंकर कुमार दास बैठा हुआ था। कार की चेकिंग करने पर कर की डिक्की से पैकेट में बंधा हुआ 84.422 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। पूछताछ करने पर दोनों में बताया था कि गांजा उड़ीसा से विपिन कुमार द्वारा हजारीबाग के लक्की पहुंचने के लिए कहा गया है इसके बदले में उसे 10 हजार दिए गए थे। पुलिस ने गांजा बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया था। अनुसंधान के बाद पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ है 3 सितंबर 2019 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। 18 नवंबर 2019 को आरोप गठन कर अभियोजन साक्ष्य चलाया गया। अभियोजन पक्ष द्वारा कुल आठ गवाहों की गवाही कराई गई थी।

# संचालक पर लगेगा 9.11 करोड़ रुपये दंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर त्रिकूट रोपवे हादसा**

**रांची।** विधि विभाग ने देवघर की त्रिकूट रोपवे दुर्घटना की जांच रिपोर्ट के आधार पर इसके संचालक दामोदर रोपवे कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर 9.11 करोड़ रुपये का अर्थ दंड लगाने और उसे ब्लैक लिस्ट करने के मामले में अपनी सहमति दे दी। दुर्घटना के बारे में उच्चस्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) के निदेशक मंडल ने संचालक पर 9.11 करोड़ रुपये का अर्थदंड लगाने और ब्लैक लिस्ट करने का फैसला किया था. पर्यटन विभाग ने निगम के इस फैसले पर विधि विभाग से राय मांगी थी।

विधि विभाग ने इस मामले में सरकार को दी गयी अपनी राय में कहा है कि जेटीडीसी के निदेशक मंडल की बैठक 26 अक्तूबर को हुई थी। इसमें निदेशक मंडल ने रोपवे के संचालक दामोदर रोपवे कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर 9.11 करोड़ रुपये का अर्थ दंड लगाने और उसे ब्लैक लिस्ट करने का फैसला किया गया। इस फैसले के आलोक में जेटीडीसी द्वारा दामोदर रोपवे से 31 जनवरी 2024 और नौ फरवरी 2024 को स्पष्टीकरण पूछा गया था। जेटीडीसी ने रोपवे के संचालक का जवाब मिलने के बाद उसकी समीक्षा की। इसके बाद संचालक से दंड की वसूली और उसे ब्लैक लिस्ट करने के अपने फैसले पर विधि विभाग की राय मांगी। इससे संबंधित फाइल पर्यटन एवं खेलकूद विभाग के माध्यम से विधि विभाग को भेजी गयी। विधि विभाग ने उच्चस्तरीय समिति की जांच रिपोर्ट में वर्णित तथ्यों, जेटीडीसी निदेशक मंडल के फैसले और दामोदर रोपवे के जवाब की समीक्षा कर अपनी राय दी। विधि विभाग ने सरकार को अपनी राय देते हुए लिखा कि दंड लगाने का फैसला निदेशक मंडल ने किया है। कंपनी के नियमों के तहत वह अपने मामले में फैसला लेने के लिए सक्षम है। निदेशक मंडल ने यह फैसला स्वतंत्र जांच रिपोर्ट के आलोक में लिया है। सरकार द्वारा करायी गयी जांच रिपोर्ट में दामोदर रोपवे को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया था।

## स्पीड न्यूज

### सौहार्दपूर्ण मनाएं ईद : एसडीओ



रामगढ़। रामनवमी एवं ईद को लेकर शनिवार को रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी, जन प्रतिनिध, सभी समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए। मौके पर एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि रामनवमी एवं ईद का पर्व लोग भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार मिल जुलकर भाईचारे के साथ मनाने से खुशी और उत्साह दुगुनी हो जाती है। बैठक में अंचल अधिकारी सतेंद्र पासवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, रामगढ़ महिला थाना प्रभारी श्वेता कुमारी, आदि शामिल हुए।

### डीसी ने कई बूथों का किया निरीक्षण



**कुजू।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को जिला प्रशासन की टीम राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरमसिया एवं पब्लिक हाई स्कूल कुजू पहुंची। इस दौरान पब्लिक हाई स्कूल में बूथ संख्या 222,223,228,229 का जायजा लिया। साथ ही बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय के अलावे नहाने , रहने की व्यवस्था की जानकारी लिया। टीम में मुख्य रूप से रामगढ़ उपायुक्त सह निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, मांडू बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय समेत अन्य लोग शामिल थे।

### भुरकुंडा में तीन छात्राओं ने रखा रोजा



भुरकुंडा (रामगढ़)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा कक्षा सातवीं की तीन छात्राएं राजेदार सोहाना परवीन, आफरीन परवीन व मनतसा परवीन ने कहा कि रमजान रहमत, बरकत और फजीलत का महीना है। इस माह में पवित्र कुरआन अवतरित हुआ, जो समाज में शांति, प्रेम, एकता, भाईचारे, सद्भाव, नैतिकता, न्याय और दया का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह उंच-नीच, भेदभाव, छुआछूत और शोषण आदि बुराईयों से भी मुक्ति का संदेश देता है।

### नशीली दवाओं के विक्रेता गिरफ्तार

चरही। तापिन नार्थ पिंडरा में नशीली पदार्थों के विक्रेता को चरही पुलिस ने धरदबोचा। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने शनिवार को बीते गुरुवार को इसकी गुप्त सूचना हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह को मिली थी।एसपी ने तत्काल करवाई करने का निर्देश विष्णुगढ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद को दिया गया।एसडीओपी चरही थाना पहुंचकर एक टीम को गठित कर पिंडरा निवासी सतेन्द्र नारायण ओझा के आवास पर छापेमारी की गई।इस दौरान भारी मात्रा में नशीली दवाओं को बरामद किया।

### नापोखुर्द में रामनवमी समिति का गठन

बड़कागांव। नापोखुर्द पंचायत के फुटबॉल खेल मैदान में रामनवमी को लेकर बैठक हुई,इसकी अध्यक्षता मुखिया गणेश साव व संचालन गणेश प्रसाद ने किया। जिसमें रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण सफल बनाने के लिए पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बने मुखिया गणेश साव,सचिव हीरालाल साव, कोषाध्यक्ष लाल धारी साव, संगठन मंत्री पसस गणेश साव, सदस्यों में गणेश मुखिया प्रतिनिधि चंद्रिका साव, कृष्णा साव, प्रमोद साव,धूलेश्वर साव, भीमसेन कुमार, गणेश साव, रोहित राम, विजय साव, खिरोधर साव, फागुन साव, नरेश राणा, हीरालाल साव,संतोष साव, महेश ,राजेश, संतोष, गंगाधर, अनिल साव को चयनित किया गया।

### पोखन नारायण कुशवाहा का निधन



दारू। झारखंड पार्टी हजारीबाग के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा तिलैया (झुमरा) निवासी के पिता सेवानिवृत्त डाक्टर (मलेरिया विभाग) पोखन नारायण कुशवाहा 84 वर्ष का शुक्रवार रात्रि 1:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। इस दु:ख की घड़ी में परिजनों और ग्रामीणों का पार्थिव शव के अंतिम दर्शन के लिए राजकुमार कुशवाहा के पैतृक आवास तिलैया पर हजारों की तादाद में लोग पहुंचे और शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना व्यक्त किया।इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी शोकाकुल परिवार से मिले और शोक संवेदना व्यक्त किया। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने और उनके शोक संतप्त परिवार को ईश्वर इस दुखद क्षण को सहने की शक्ति दे इसकी कामना की।

# जायसवाल ने 28 गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

## कहा-फिर मोदी सरकार बनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शनिवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुल 8 पंचायतों के 28 गांवों में पहुंचकर तुफानी जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम चलाया और भाजपा के पक्ष में 20 मई को कमल पर वोट करने का आग्रह किया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने दौरे का शुरूआत सुबह निर्धारित समय पर ग्राम पंचायत सूरजपुरा से और समापन बंदरबेला पंचायत स्थित ग्राम अडार से किया। प्रखंड क्षेत्र के सुरजपुरा, सूजी, तिलीर, करमा, बिहारी, बुंडू, सोनपुरा, महकोल, चंपाडीह, रोमी, लाटी, पदमा बाजार, सरैया चट्टी, सिमर, कुरहा, नचनवे, भंडरा, पिंडारकोन, करर, गोतिया, बरदेवा, केवला, गरवा, बंदरबेला, दोनई, मंगरमुंह और अडार गांव में लोगों से मिलकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने आशीर्वाद मांगा। मौके पर लोगों से कहा कि याद रखें दादी- चाची आने वाले 20 मई को इसी कमल निशान पर बटन दबाकर फिर एक बार मोदी सरकार बनाएं और मुझे अपना सांसद चुनें। कहा कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवाद और विकास के नाम पर भाजपा को वोट करें। उन्होंने कहा कि पदमा प्रखंड क्षेत्र कृषि बाहुल्य क्षेत्र है और सिंचाई की समस्या इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि अगर आपका आशीर्वाद मिला तो भविष्य में आपके इस समस्या के समाधान के दिशा में सकारात्मक पहल करूंगा । मौके पर पूर्व विधायक सह बरही विधानसभा के लोकसभा संयोजक मनोज कुमार यादव ,पदमा प्रमुख वीणा मेहता ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही विधानसभा क्षेत्र के सह-संयोजक अर्जुन साव, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय मेहता, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता, अवध यादव,

# रामगढ़ में तीन अपराधी गिरफ्तार

## मांडू में दो चोरी मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** मांडू थाना क्षेत्र में हुई चोरी के दो मामले में तीन चोर गिरफ्तार किये गये हैं। यह जानकारी शनिवार को प्रेस वार्ता में एसपी डॉ विमल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि तीन मार्च को वेस्ट बोकारो ओपी अंतर्गत टाटा डीएवी स्कूल ग्राउंड स्थित स्टोर से लाखों के सामान की चोरी हुई थी। इस संबंध में मांडू थाना कांड संख्या 85/2024,दिनांक 04 04 2024 धारा 461/379 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी। बताया की गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी के क्रम में सोम कुमार उर्फ बजरंगी और जाहिद खान उर्फ मुन्ना दोनो को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों की निशानदेही पर टाटा डीएवी स्कूल ग्राउंड से स्टोर से चोरी एक फेंसिंग स्कूल, फेंसिंग स्कोर बोर्ड, आर्चरी इक्विपमेंट , एक सीलिंग उषा कंपनी का पंखा, एक क्रंपटन कंपनी की पंखा, बरामद किया गया। वही दोनो अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।एक अन्य मामले का खुलासा करते हुए एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया की मांडू थाना के बंजी गांव में 4 मार्च को एअरटेल टावर से मशीन की चोरी हुई थी। जिसको लेकर मांडू थाना कांड संख्या 88/2024, दिनांक 05 04. 2024 , धारा 379 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी। साथ ही जांच के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। मामले में पुलिस ने एअरटेल कंपनी के अधीन कार्यरत चालक शशिकांत पिता अरूण करमाली निवासी भेलगड़ा मांडू को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का मशीन बरामद कर लिया। साथ ही कांड के लिए उपयोग बाइक को भी जब्त कर लिया। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, मांडू पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद प्रसाद, पुअनि रंजीत कुमार, पुअनि संजय बेदिया सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### जायसवाल प्रचंड बहुमत से जीतेंगे : सतीश मिश्रा

भुरकुंडा (रामगढ़)। भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में भुरकुंडा मंडल के सभी पदाधिकारियों ने शनिवार को अपने-अपने आवास पर धूमधाम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार चार सौ पार करनें के लक्ष्य के साथ हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल को प्रचंड बहुमत से जिताकर दिल्ली भेजने का काम किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनानें में योगेश दांगी, संजीव कुमार बाबला, अमरेश सिंह, जगतार सिंह, राजन पांडेय, जुगल नायक, सत्येंद्र नारायण सिंह, शंकर प्रसाद, अनीता राय, ज्योति बाला, गीता श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, अजय पासवान, राजेश गुप्ता, सुभाष दास, आकाश साहू, संतन सिंह, अखलेश टोप्पो, अमित सिंह, विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 28 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। शनिवार की सुबह में पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि चौपारण थाना क्षेत्र दादपुर गाँव में घर में अवैध गांजा को छिपा कर रखा गया है। उक्त सूचना का सत्यापन हेतु सुरजीत कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग एवं थाना प्रभारी, चौपारण के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के दौरान दादपुर गाँव के उदय कुमार सिन्हा, पे०-चन्द्रशेख सिन्हा, अशोक दोंगी, पे०-स्व० भैरव महतो एवं हिरामणी रजक, पे०-स्व० मोदी रजक तीनों साकिन-दादपुच थाना चौपारण, जिला-हजारीबाग के घर में अवैध गांजा को छिपाकर रखा गया था। उक्त छापामारी टीम क द्वारा घर का तलासी लिया गया, तालासी के कम में घर अन्दर में छिपाकर रखा गया 28.200 कि0ग्रा0 अवैध गांजा को बरामद किया गया। उदय कुमार सिन्हा, अशोक दांगी, एवं हिरामणी रजक तीनों साकिन-दादपुर, थाना चौपारण, जिला-हजारीबाग के विरूद्ध चौपारण थाना कांड सं0-99/24, जिसके तहत कांड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नामः उदय कुमार सिन्हा, अशोक दाँगी, हिरामणी रजक है।

### भाइचारे के साथ मनाएं रामनवमी व ईद : बीडीओ



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना परिसर में शनिवार को रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी अजय सिंह व संचालन समाजसेवी कुंजलाल महतो ने की। बैठक में बीडीओ रोशमा डूंगडुंग ने कहा कि भाइचारें के साथ मनाएं ईद और रामनवमी। समाजसेवी संजय साव ने लोगो से शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी व ईद त्योहार मनाने की अपील की।प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने अवैध रूप से बालू परिवहन पर सवाल उठाया। उन्होंने इस पर पाबंदी लगाने का आग्रह किया। इंस्पेक्टर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म गलत संदेश व अफवाहों से दूर रहने की बात कही।उन्होंने कहा त्योहार के अवसर पर अवैध शराब बिक्री और निर्माण पर पूर्ण पाबंदी रहेगा। मौके पर पूर्व पंसस लोकनाथ राणा,समाजसेवी संजय सावछोटन कोल्ह,नंदलाल मंडल,ईश्वरी ठाकुर,अर्जुन पांडेय,राजकुमार गिरी,बीरेंद्र पांडेय,पूर्व उपमुखिया सुरेश पांडेय,भाकपा माले प्रखण्ड सचिव शेर मोहम्मद,श्याम पांडेय, ,लोकनाथ राणा,श्याम सिंह,सफीक अंसारी, खिरो महतो, जोधन मोदी,मुकेश पांडेय, शिवलाल यादव, श्याम किशोर पांडे, रामचंद्र साव, संजय लामा समेत कई लोग मौजूद थे।

## बड़कागांव : दो गाड़ियों की टक्कर में चालक की मौत

**बड़कागांव ।** बड़कागांव-हजारीबाग मार्ग स्थित 13 माईल टीपी 4 के पास हजारीबाग से बड़कागांव आ रही बोरवेल गाड़ी ने ट्रैक्टर के पीछे, डाला को जोरदार टक्कर मार दिया और गड्ढे में ट्रैक्टर जा गिरा। घटनास्थल पर चालक की मौत हो गई ।

मृतक की पहचान शिवाडीह गांव निवासी 40 वर्षीय कीर्तन प्रसाद (पिता तिलेश्वर महतो ) के रूप में हुई । घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण ने तेरह माईल के पास सड़क जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे। घटना कि जानकारी मिलते ही बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुए।जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति में बोरवेल मशीन गाड़ी के मालिक के बीच मुआवजा देने की बात पर सहमति बनी।

पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि बोरवेल मलिक के द्वारा मृतक के परिवार को 8 लाख रुपये का चेक दिया गया है। तत्पश्चात सड़क जाम को हटाया गया।

## एक नजर में

### बड़कागांव में जेपी पटेल का स्वागत



बड़कागांव |हजारीबाग लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव मुख्य चौक पर कांग्रेसियों ने गर्म जोशी से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो ने किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने बारी-बारी से जयप्रकाश भाई पटेल को माला पहनाकर स्वागत किया तथा चुनाव जीतने की शुभकामनाएं दी। मौके पर संजय महतो,पदुम साव, शमशेर आलम,दशरथ प्रसाद,छोटे खान,रमेश सिंह भोक्ता,बबलू साहू, पंकज गुप्ता,आनंद कुमार मेहता, मोहम्मद फजरूद्दीन,बालेश्वर महतो,रघुनंदन महतो,साइना खातून, रविंद्र गुप्ता,चंदन गुप्ता,मोहम्मद तसलीम,कामेश्वर सिंह,रघुनाथ राणा, मोहम्मद जाहिद,मजहर आलम के अलावा कई कांग्रेसी मौजूद थे।

### भाजपा मंडल पूर्वी और पश्चिमी की बैठक

कटकमसांडी। भाजपा कटकमसांडी पूर्वी मंडल और पश्चिमी मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव ने की। बैठक में बतौर अतिथि हजारीबाग लोकसभा प्रभारी अभय सिंह और हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। लोकसभा प्रभारी अभय सिंह ने बैठक में आए सभी कार्यकताओं से बारी बारी से परिचय प्राप्त कर उसके बाद बूथों की संरचना, मतदान केंद्र व मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली और अपना अपना बूथ सबसे मजबूत के तर्ज पर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार तथा हजारीबाग विधानसभा के विधायक ने विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए दिन रात काम किया है। कोई ऐसा गांव नही है, जहां सड़क बिजली व अन्य आधारभूत संरचना के विकास के लिए विधायक मनीष जायसवाल ने काम नही किया हो। एवं केंद्र सरकार की कई अहम कार्यों का भी कार्यकताओं के बीच रखा जैसे तीन तलाक जैसे बड़ा काम , एनआरसी, आयोध्या में राम मंदिर ,और उन्होने कार्यकताओं से मतदाताओं के घर घर जा कर केंद्र सरकार व विधायक की उपलब्धियों व कार्यों से लोगों को अवगत भी कराया। दोनों मंडल के कार्यकर्ताओं ने अब की बार 400 पार का बात कही ।

### टाटीझरिया में भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस

**टाटीझरिया।** भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल कमिटी ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में स्थापना दिवस मनाया गया। मंडल अध्यक्ष कैलासपति सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से डा श्याम प्रसाद मुखर्जी और पंडित दिन दयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर एमके पाठक, महामंत्री सह प्रमुख संतोष मंडल , महामंत्री उपेंद्र पांडेय,राजू यादव,महेश अग्रवाल ने भाजपा के इतिहास पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारतीय जनसंघ ,जनता पार्टी और फिर भाजपा के पूर्वजों के मेहनत का परिणाम है कि वर्तमान समय में हम उनके बोए फसल को काट रहें हैं।

### चरही में मना भाजपा का स्थापना दिवस

**चरही।** भाजपा चुरचू मंडल के द्वारा मंडल कार्यालय जगदंबा कॉम्प्लेक्स चरही में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह ने की। इससे पूर्व डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीरों पर माल्यार्पण किया गया। मंडल के सभी 8 शक्ति केंद्र एवं बुथों पर भी स्थापना दिवस मनाया गया।वक्ताओं ने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है।देश में भाजपा की सरकार बनते ही काफी विकास कार्य हुआ है।मौके पर मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,महामंत्री रोहित महतो,पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह,वरिष्ठ नेता डॉ.रामसेवक प्रसाद, संजय साव,बबलू सिंह, मंटू सिंह, पूर्व मुखिया धनेश्वर सिंह, संजीत यादव, मुखिया ब्रिज बिहारी महतो, शशि साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नाम परिवर्तन

मैं विनोद उरांव पिता स्व. बच्चु उरांव, निवास स्थान ग्राम चोरधारा, लपंगा, पो. भदानीनगर, थाना पतरातू जिला-रामगढ़ (झारखंड) बूक नंबर 2 शपथ पत्र संख्या 2248 दिनांक 03/04/2024 द्वारा घोषित किया गया है कि मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम होलिका विधी तिर्की है। जो उसके आधार कार्ड सं0-6811 8346 6229 में एवं उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। जिसका पंजीयन सं. 161 एवं पंजीयन तिथि 07/03/2015 है। जो सी.एच.सी पतरातु प्रखंड से निर्गत है। मेरी पत्री के पोस्ट ऑफिस लपंगा शाखा के बचत खाता सं. 8515469839 में उसका नाम होलिका कुमारी दर्ज हो गयी है। होलिका विधी तिर्की एवं होलिका कमारी दोनो नाम एक ही बच्ची का है, जो मेरी पुत्री है। शपथ पत्र मैं अपने पुत्री के पोस्ट ऑफिस के बचत खाता सं. 8515469839 में होलिका कुमारी के स्थान पर सही नाम होलिका विधी तिर्की दर्ज कराने हेतु बना रहा हूं।

कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला

**Corrigendum-4**

कार्यालय ज्ञापांक 388 दिनांक 04.04.2024 के आलोक में PR No : 323567 District (23-24)#D के माध्यम से अखबारों में प्रकाशित कार्य के निविदा के खोलने की तिथि को परिवर्त्तित करने से संबंधित Corrigendum-3 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त समझा जाय।

शेष यथावत रहेगी।

Administrator
Gumla Nagar Parishad
Gumla, Jharkhand

PR 323624 District(24-25).D

# नौ अप्रैल से शुरू होगा चैत्र नवरात्र

## माता का दरबार फूलों से सजाया जायेगा

**कृष्णा करमाली**

▶▶ रजरप्पा मंदिर के हवन कुंडों में साधना में लीन रहते हैं श्रद्धालु



- ▶▶ 09 अप्रैल-. शैलपुत्री
- ▶▶ 10 अप्रैल- ब्रह्मचारिणी
- ▶▶ 11 अप्रैल- चंद्रघंटा
- ▶▶ 12- अप्रैल-कूष्मांडा
- ▶▶ 13 -अप्रैल स्कंदमाता
- ▶▶ 14 अप्रैल- कात्यायनी
- ▶▶ 15 अप्रैल- कालरात्रि
- ▶▶ 16 अप्रैल-महागौरी
- ▶▶ 17 अप्रैल -राम नवमी

**रजरप्पा।** हिंदू पंचांग के अनुसार, 09 अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू होंगे और 17 अप्रैल को समापन होगा। खरमास की शुरूआत 14 मार्च से हुई थी इसका समापन 13 अप्रैल को होगा। इस दिन सूर्य देव मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। खरमास समाप्त होगा। शारदीय नवरात्र हो या चौत्र नवरात्र दोनों मौके पर रजरप्पा मंदिर के सभी हवन कुंडों में भक्त अपनी साधना में लीन रहते हैं। 9 दिनों तक मां की विशेष पूजा अर्चना श्रद्धालु करते हैं। चैत्र और शारदीय नवरात्र को फूलों और झिलमिलाती रौशनी से सजाया जाता है। नवरात्रि को लेकर विशेष तैयारी चल रही है। नो अप्रैल से नवरात्रि प्रारंभ हो रहा है। माता के दरबार को फूलों से सजाया जाएगा। रजरप्पा का यह सिद्धपीठ केवल एक मंदिर के लिए नहीं बल्कि और कई मंदिरों के लिए विख्यात हैं। मंदिर की उत्तरी दीवार के साथ रखे एक शिलाखंड पर दक्षिण की ओर मुख किए मां छिन्नमस्तिके का दिव्य रूप अंकित है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा के दौरान नवदुर्गा के बीज मंत्रों का जाप करना आपके लिए कल्याणकारी सिद्ध होता है। मां दुर्गा के नौ अवतार हैं, जिनमें मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, माँ कालरात्रि, मां सिद्धिदात्री और मां महागौरी हैं। मान्यता है कि मां दुर्गा ने ये नौ स्वरुप अलग अलग उद्देश्यों की पूर्ति के लिए धारण किए थे। नवरात्र को लेकर मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में विशेष तैयारी की जा रही है। चूंकि नवरात्र के दौरान पूरे देश से साधको का जुटान माता के दरबार में होता है। साधक नौ दिन तक अनुष्ठान में लीन रहते है। इसलिए साधकों के रहने, ठहराने व हवन की सुविधाएं तैयार की जा रही है। पुजारी लोकेश पंडा व छोटू पंडा ने बताया कि नवरात्र के दौरान मां भगवती के मुख्य मंदिर समेत अन्य मंदिरों को सजाया जाएगा। इसके अलावे प्रक्षेत्र में प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

### रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने विनोद सिंह

विष्णुगढ़। प्रखंड के श्री राम मंदिर प्रांगण में रामनवमी पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विनोद सिंह, निर्देशक राजेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष- दीपू भाई, रवि पांडेय प्रो ओमकार नाथ शर्मा, अनुराग बर्मन,सचिव संदीप कसेरा सह सचिव नीतीश कुमार, कोषाध्यक्ष - विनोद सिंह, सह कोषाध्यक्ष रोहित दास, संरक्षक- महेश पांडेय, अजय प्रसाद, पवन प्रताप सिंह, निर्मल कुमार, लखन प्रसाद,अनूप कसेरा, शशि लहकार, राजेश सोनी दीपू अकेला कार्यकारिणी सदस्य नवीन,निरंजन, मनोज, शंकर, अशोक, कुंदन, रणधीर, मुकेश, महेन्द्र, नरेश, पप्पू, विक्की, यूष, राहुल, सोनू, विशाल ,शंकर का मनोयन किया गया। रामनवमी महासमिति के नव नियुक्त सदस्यों ने सबों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पद की गरिमा को रखते हुए सबों के सहयोग से रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्वक सफल बनाने काम करेंगे।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

आवश्यक सूचना



अज्ञात मृत व्यक्ति उम्र–करीब 39 वर्ष

सर्व साधारण को उपर्युक्त फोटो के विषय के संदर्भ में सादर सूचित करना है कि दिनांक– 23.03.2024 को एम0जी0एम0 थाना क्षेत्र अंतर्गत डेंटल कॉलेज के पीछे राम बालक सिंह के बाउंड्री के बगल में रुपायडांगा कैनाल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़ा अवस्था में पाया गया। जिसे पोस्टमार्टम हाउस, डिमना भेजा गया एवं अज्ञात शव के पहचान हेतु पोस्टमार्टम उपरांत 72 घंटों तक शीतगृह में रखा गया है। अज्ञात व्यक्ति के शव का हुलिया निम्न प्रकार है :–कद–05 फीट 03 इंच, रंग–सॉवला, पहनावा–गले में रुद्राक्ष पहने हुए एवं काला सफेद, हरा रंग का फुल स्वेटर जिसमें **BENGING HUMAN** लिखा हुआ, ब्लू सफेद रंग का लखीदार फुल शर्ट, काला रंग का हाफ पैन्ट, दाहिने हाथ में सफेद रंग का रबर का पट्टा पहने हुए।

अतः आप सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त अज्ञात मृत व्यक्ति उम्र–करीब 39 वर्ष के बरामद शव के संबंध में किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में निम्नांकित फोन नम्बर पर सूचित करें।

| | |
|---|---|
| वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर | : 0657–2431006 |
| पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर | : 9470199228 |
| पुलिस उपाधीक्षक, पटमदा | : 9431706496 |
| थाना प्रभारी, एम0जी0एम0 | : 9431706503 |

वरीय पुलिस अधीक्षक,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

PR 323614 Police(24-25)D

# 15.50 लाख रुपये का ब्राउन शुगर और अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** नशे के सौदागरों के खिलाफ झारखंड पुलिस को इन दिनों लगातार सफलता मिल रही है। गुप्त सूचना के आधार पर चतरा पुलिस ने पत्थलगड़ा से एक अफीम के कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। चतरा एसपी विकास पांडे को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तस्कर की गिरफ्तारी पत्थलगड़ा और सिमरिया प्रखंड के सीमांत क्षेत्र ललकी माटी से हुई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस



कर मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पत्थलगडा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी और प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव की उपस्थिति में सिंघानी और ललकी माटी के बीच छापामारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में कमलेश कुमार पिता चंद्र देव दांगी के पैकेट से 65 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। उसके निशानदेही पर उसके घर में छापामारी अभियान चलाया गया तो 2.71 किलो अफीम, 91400 नगद व अफीम तौलने की मशीन व अन्य सामग्री बरामद हुआ। मौके पर पुलिस ने एक अपाचे मोटरसाइकिल और एक स्प्लेंडर प्लस बाइक को भी जब्त किया है। पुलिस को देखकर अफीम के कारोबारी कमलेश कुमार का भाई मिथिलेश कुमार मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने इस अभियान में लगभग साढे पंद्रह लाख रुपए के सामान नशा का सामान और नकदी बरामद किया है। छोटे-छोटे पैकेट में अफीम के पैकेट घर के अलग-अलग स्थान में छुपाए गए थे। कमलेश की गिरफ्तारी से पुलिस को अफीम के अन्य तस्करों के नाम और पता भी मिले हैं। पुलिस फरार मिथिलेश कुमार दांगी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रही है। एक सप्ताह के अंदर पत्थलगडा पुलिस को नशे के सौदागरों के खिलाफ दूसरी सफलता मिली है। अभियान में थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी पुलिस और निरीक्षक अरविंद कुमार रविदास सहित थाना बल के जवान शामिल थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन आठ को

**चतरा।** रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा 8 अप्रैल को इटखोरी प्रखंड के भद्रकाली कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा और इसमें कॉलेज कर्मी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और छात्र रक्तदान करेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने प्रखंड क्षेत्र के सभी स्वस्थ नागरिकों और बुद्धिजीवियों से भी रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर आपके दिए गए रक्त से किसी की जान बच सकती है तो हमें उसकी जान जरूर बचानी चाहिए क्योंकि रक्तदान महादान है। सभी इच्छुक रक्तदाताओं से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय पर कॉलेज पहुँच कर रक्तदान करें।

## एक नजर में

### 3 वर्षीय मासूम बच्ची की आग में जलकर मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बरकुटे गांव में शनिवार शाम को एक दर्दनाक घटना घटी, जिसमें विशेश्वर साव उर्फ काला साव की 3 वर्षीय पोती की आग में जलकर मौत हो गई।

घटना उस समय हुई जब बच्ची अपने आंगन में अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। सामने ही अल्बेस्टर के कमरे में रखे पुआल में अचानक आग लग गई। आग लगते ही बाकी बच्चे बाहर भागकर चिल्लाने लगे। बच्चों की आवाज और घर से धुआं निकलता देख आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए और आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आशीष साव की 3 वर्षीय मासूम बच्ची पूरी तरह से झुलस गई थी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना से बच्ची के माता-पिता और पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय में वार्षिक परीक्षा फल घोषित

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा फल घोषित की गई। विद्यालय सभागार में विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा एलक़ेज़ी. से कक्षा नवम तक के बच्चों को परीक्षा फल से संबंधित अंकपत्र प्रदान की गई। विद्यालय ने पहली बार यह निर्धारित किया की रिजल्ट घोषित होने के दिन बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावक की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। जिसके निमित्त बच्चे ही नहीं सभी अभिभावक भी उत्साहित दिखे। बच्चे और उनके अभिभावकों ने रिजल्ट से संबंधित उनके विषयों से संबंधित तथा सभी विद्यार्थियों की पठन पाठन और उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार हो इसके निमित्त शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन से संवाद भी किया। वहीं रिजल्ट समारोह को प्राचार्य पुनीत यादव ने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष भर बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा किए हुए मेहनत का सुखद अनुभव परीक्षा फल में ही दिखता है।

## शहीद जयशंकर कुमार उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी गई



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सीआरपीएफ में तैनात और चतरा निवासी शहीद जयशंकर कुमार उपाध्याय (सहा० कमा०) को आज ही के दिन लोकसभा चुनाव -2014 को सक्रिय ड्युटी हेतु तैनाती के दौरान थाना मेच्छामुण्डा, जिला बरगढ़, ओडिशा में शहीद हो गए थे। आज उनकी शहादत और वीरता को याद करते हुए 190 वाहिनी के हंसराज मीणा (उप० कमा०) एवं अन्य अधिकारी उनके घर जाकर शहीद परिवार को याद किया एवं दो मिनट का मौन धारण किया। हंसराज मीणा ने दिवंगत के माता -पिता एवं परिवार को ढांढस बंधाया एवं बताया कि उनकी जन्मभूमि को भी समस्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा नमन किया जाता है कि इन्होनें शहीद जयशंकर कुमार उपाध्याय, सहायक कमाण्डेंट जैसे बीर एवं बहादुर बेटे को जन्म दिया, जिन्होनें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ समस्त भारत देश एवं अपने जिला चतरा का भी नाम रौशन कर गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया।

## पुलिस ने पशु व्यापारी को पकड़ा, 14 व्यापारी भेजा गया जेल

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना आधार पर कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार के नेतृत्व में कोडरमा घाटी से तीन ट्रकों से चौदह गाय व चौदह बछड़े के साथ चौदह व्यापारी को पकड़ा। जिसे लेकर कोडरमा थाना कांड संख्या 74/75/2024 के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यू कॉलोनी कोडरमा निवासी 35 वर्षीय शैलेंद्र यादव पिता बृजनंदन यादव, ट्रक संख्या जेएच12जे/ 2161 का चालक ग्राम रामदेव थाना अकबरपुर जिला नवादा निवासी, 42 वर्षीय विजय राय पिता मदन राय, खलासी, ग्राम रामदेव थाना अकबरपुर नवादा निवासी, सन्नी राज पिता मनोज राजवंशी, बेलातांड कलामंदिर, झुमरीतिलैया निवासी 25 वर्षीय सन्नी कुमार यादव पिता सुरेश यादव, ग्राम सिपारा थाना हिलसा नालंदा निवासी, 55 वर्षीय लालगोप पिता दुखित गोप, टांड़मठिया थाना हदियावां भोजपुर निवासी, विकास कुमार पिता सुरेंद्र गिरी, ग्राम ब्रह्मस्थान थाना चंडी नालंदा निवासी आदि।

## खधैया में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

### कार्यकताओं ने 400 पार और चतरा में 5 लाख पार लक्ष्य का लिया संकल्प

**टंडवा।** प्रखंड के खधैया में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय ने की। कार्यक्रम में भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय और प्रमोद कुमार सिंह भी उपस्थित थे। ईश्वर दयाल पांडेय ने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता सौभाग्यशाली हैं कि वे दुनिया के सबसे बड़े पार्टी के कार्यकर्ता हैं और उनके नेता दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार दो सीटें जीती थीं और आज 400 पार करने की स्थिति में है। उपस्थित सभी कार्यकताओं ने 400 पार और चतरा में 5 लाख पार का लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया और इसके लिए सभी बूथों पर 90 प्रतिशत मत भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के पक्ष में मतदान कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामचंद्र गुप्ता, रामदास राणा, देवनाथ महतो, हरेन्द्र राणा, मुकेश राणा सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## कोडरमा रामनवमी महासमिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित बर्णवाल धर्मशाला में शनिवार को रामनवमी महासमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सत्येंद्र सिंह व संचालन प्रवीण चंद्रा ने किया। बैठक में रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासमिति की ओर से कोडरमा गांधी चौक स्थित आयोजन स्थल में विभिन्न अखाड़ा समितियों पर पुष्पवर्षा करते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। उपरांत कार्यक्रम स्थल पर शौर्य प्रतियोगिता का आयोजन की शुरुआत होगी। झांकी और शौर्य प्रदर्शन में बेहतर करने वालों अखाड़ा समिति एवं प्रतिभागियों को निर्णायक मंडली द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। रामनवमी को लेकर गठित नई कमेटी में संरक्षक अमिताभ चौधरी, प्रवीण चंद्रा एवं गोपाल कुमार बनाए गए। वहीं सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोज कुमार झुन्नू एवं महासचिव अजय पांडेय को बनाया गया, जबकि उपाध्यक्ष सुखदेव यादव, अजीत बर्णवाल, सूरज प्रताप, राजेश सिंह, सचिव प्रवीण पाण्डेय, गौतम राणा, महेश भारती, चंद्रवंशी दीपक नवीन, कोषाध्यक्ष विनय सिंह, सह कोषाध्यक्ष अक्षय रंजन, व्यवस्था प्रमुख आदित्य पांडेय, चंदन सिंह बनाए गए। वहीं कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संजीव समीर, आर के बसंत, राजा सिंह, राजू विश्वकर्मा, प्रो राजेश सिंह, सुजीत सिंह, रवि शंकर, चंदन पांडेय, महेश यादव अभिनव पाठक, सोनू श्रीवास्तव, दिनकर कृष्णा, सिकंदर दास, मंटू विश्वकर्मा, संजय कुमार समेत 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कमिटी की अगली बैठक सोमवार को संया 7 बजे गांधी चौक के समीप की जायेगी।

## महिला को घायल करने वाले दो आरोपियों को तीन वर्ष सश्रम कारावास



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** महिला को मारकर गंभीर रूप से घायल किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को 27 वर्षीय सिकंदर राणा पिता प्रयाग राणा एवं 55 वर्षीय खूबी राणा पिता प्रयाग राणा बेहराडीह डोमचांच जिला कोडरमा निवासी को 325 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की राशि नहीं देने पर चार माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत ने 323, 341, 448 व 504 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए कारावास की सजाएं सुनाई एवं जुर्माना लगाया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। वहीं न्यायालय ने किशोरी देवी व सुमंती देवी को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। मामला वर्ष 2016 का है। इसे लेकर डोमचांच थाना कांड संख्या 137/2016 एवं एसटी 64/2017 दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया।

इस दौरान सभी 5 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जयप्रकाश नारायण ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा तय किया और जुर्माना लगाया।

## जनता की आवाज संसद में कभी नही गूंजा, जनता बदलाव के मूड में : राजद

### दस साल से कोडरमा में भाजपा सांसद, ढिबरा, बेरोजगारी, पलायन पर कोडरमा की जनता को दिया धोखा : विनोद

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा में इंडिया के उम्मीदवार कॉमरेड विनोद सिंह को विजयी बनाने को लेकर शनिवार को सतगावां में राजद प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक की गयी। बैठक में इंडिया के कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार विनोद सिंह, राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव भी पहुंचे। राजद प्रखंड कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विनोद यादव एवं संचालन मो. गुलाम ने किया। वहीं माले विधायक व इंडिया के प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह का पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। वहीं संबोधित करते हुए विनोद सिंह ने कहा कि कोडरमा में पिछले दस सालों से भाजपा का सांसद हैं, मगर इन दस सालों में कोडरमा की जनभावना की आवाज़ संसद में कभी नही सुनाई दी। उन्होंने कहा कि कोडरमा की जनता ढिबरा-पत्थर, बेरोजगारी, पलायन के मुद्दे पर कराह रही है, मगर उनकी आवाज को सांसद ने कभी तबज्जो नही



दिया। उन्होंने कहा कि कोडरमा की जनता जिस उम्मीद के साथ भाजपा सांसद को पिछले चुनाव में चुना था, वह उम्मीद टूट गई। उन्होंने कोडरमा के जनमुद्दे पर जनता की आवाज को सड़क और संसद में उठाने वाले प्रत्याशी को चुनने की अपील की। वहीं राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि कॉमरेड विनोद सिंह झारखण्ड के सर्वश्रेष्ठ विधायक हैं, उन्होंने सड़क और सदन दोनों जगह जनता के मुद्दों को प्रखरता से उठाया। उन्होंने कहा कोडरमा में जनता बदलाव के पक्ष में गोलबंद हो रही है, भाजपा के पास कोडरमा में गिनाने के लिए कोई कार्य नही है। कोडरमा के मजदूरों का पलायन के लिए ट्रेन का ठहराव जरूर हुआ है, मगर कोडरमा में ही रोजगार मिल सके, इसके लिए कोई फैक्टरी नही खुली। उन्होंने कहा कि सांसद के उदासीनता के कारण कोडरमा में विकास ठप है। कॉमरेड विनोद सिंह कोडरमा की नई उम्मीद है और जनता के उम्मीद पर खरा उतरेंगे। वहीं बैठक में हर बूथ तक चुनावी अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अवधेश प्रसाद यादव, मनोज रजक, संजय दास, महेंद्र यादव, धनंजय यादव, मुखिया अमित यादव, मो. इरशाद, मो. नियाज, रामबालक यादव, प्रवीण कुमार आदि मौजूद थे।

## सड़क से सदन तक कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा : विनोद

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** दलित शोषण मुक्ति मंच, दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति और भीम आर्मी समेत दलित संगठनों की बैठक शनिवार को राणीसती सेवा सदन में हुई। बैठक की अध्यक्षता विजय पासवान व संचालन प्रेम प्रकाश ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। दलित संगठनों ने कोडरमा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबांन के भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह को समर्थन करने का निर्णय लिया। बैठक में प्रत्याशी कमरेड विनोद सिंह ने संबोाित करते हुए कहा कि 2014 के बाद देश की स्थितियां बदल गयी है, लोकतंत्र और संविधान को लेकर जनमानस सहमीं है, संविधान बदलने की बात खुलेआम हो रही है। बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की विरासत को कुचलने का प्रयास हो रहा है। लोकतंत्र और संविधान को पूंजीवाद के प्रभावशाली कदम को सुरक्षित करने के लिए खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दलित या शोषित कोई भी हो, अन्याय और जुल्म के खिलाफ भाकपा माले सड़क से सदन तक संघर्ष में कंो से कंधा मिलाकर चलती है। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ वे चुपचाप नही रहते और पीड़ित पक्ष की आवाज सडकों पर और सदन में हमेशा उठाते रहे हैं।

## श्याम बसे खाटू में सालासर में बजरंगी...राणीसती राज करे झुंझुनू माई ...

खबर मन्त्र संवादाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के अड्डी बंगला रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान के त्रिदेव सालासर, खाटू और झुंझुनू के देवी देवताओं पर आधारित भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। कार्यक्रम को लेकर बाबा वीर हनुमान का आलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योत के साथ शुरू हुई। सर्व प्रथम सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ राम कृपाल कंठ के नेतृत्व में किया गया। इसके बाद गणेश वंदना मनोज माथुर ने प्रस्तुत किया। वहीं सुप्रसिद्ध भजन गायक नवीन पांड्या ने श्याम बसे खाटू में माई सालासर में बजरंगी, राणीसती राज करें झुंझुनू माई.... गिरधारी सोमनी ने मंगलवार तेरा है शनिवार तेरा है सम्हालो बजरंगी परिवार तेरा है....पंकज केशरी ने हारे हारे हारे तुम तो है श्याम प्यारे....बिनोद चौरसिया ने सारे देव में देव निराला तू है अंजनी के लाला.....अर्णव केशरी ने श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में.....राजा चौरसिया ने लो आ



गया अब तो प्यार.... आराधना सिंह ने बनवारी जीने का है तेरा नाम... सीमा सहल ने बजरंग बाला जपु तेरी माला....आराया सिन्हा ने वो कान्हा मुरली की धुन सुना जा..ज़ैसे भजनों पर श्रद्धालुभक्त खूब झूमें।

वहीं पूजा अर्चना पंडित मोनू पाण्डेय द्वारा किया गया। मौके पर विकास सिंह, मुन्ना भदानी, नवीन सिन्हा, सत्येंद्र सिन्हा, आलोक कुमार सिन्हा, प्रवीण सिंह, हिमांशु केडिया, विजय पांडेय, आशुतोष भदानी, रवि केशरी, संजय सूद, रवि रत्ती, राजू अजमानी, नितिन मिश्रा, श्याम चौधरी, सुरेश प्रसाद, मनोज पिलानिया, मीणा हिसारिया के अलावे चौरी परिवार के कई सदस्य मौजूद थे।

## रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**गिद्धौर।** थाना परिसर में रविवार को शाम 4:00 बजे रामनवमी पर्व और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख, विश्व सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, सभी पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रखंड अध्यक्ष, प्रेस और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सदस्य, सभी समुदायों के गणमान्य व्यक्ति और बुद्धिजीवी शामिल होंगे। बैठक का उद्देश्य रामनवमी पर्व और ईद के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए चर्चा करना और आवश्यक कदम उठाना है।

## चतरा कॉलेज चतरा में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### संगीत के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप ने की। कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान के अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें ड्यूटी पर लगे पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट मतपत्र के लिए प्रपत्र-12 के बारे में भी जानकारी दी गई। उपायुक्त ने पिछले लोकसभा चुनाव में जिले के कम मतदान प्रतिशत पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी से अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह



किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने '20 मई को वोट डालेगा चतरा', 'अबकी बार 80 प्रतिशत पार', 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' जैसे नारे लगाए। मतदाताओं को मतदाता शपथ भी दिलाई गई और संगीत के माध्यम से मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकिल अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शनिवार को कोडरमा स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जानकारी ली। वहीं उन्होंने कहा कि आवश्यक है कि सुरक्षा सम्बधित व्यवस्थाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एक्सटिगशर, सीसीटीवी आदि से संबंाित विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान सील आदि की स्थिति का भौतिक निरीक्षण भी किया। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

## सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदान केंद्रों का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र डगरनवा पंचायत के जंगली व सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का एसडीओ रिया सिंह ने शनिवार को निरीक्षण किया। वहीं बूथ संख्या 363 उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसाबाद, बूथ संख्या 361 उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डागरनवा, बूथ संख्या 362 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बनमुरहा, बूथ संख्या 360 राजकीय प्राथमिक विद्यालय अरैया आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा एवं थाना प्रभारी नवलशाही नितेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सरना समाज आदिकाल से करता आ रहा है प्रकृति की पूजा : डॉ शशिभूषण



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के रेवारातु पंचायत के चांपी गांव के मंझली झरिया टोला में शुक्रवार को द्वितीय आद्दिकुडूख सरना झंडा बदली स्थापना सह प्रार्थना सभा कार्यक्रम किया गया। इसके मुख्य अतिथि विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता, जिप सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, समाज के जिला सचिव शंकर उरांव थे। डॉ मेहता ने कहा कि सरना समाज के लोग आदि काल से प्रकृति के पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। सदियों से जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ते रहे हैं। आदिवासी की पहचान अपनी सभ्यता-संस्कृति से ही होती रही है। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि संजय तुरी, आशीष सिन्हा, अजय उरांव, महेश यादव, विजय पाठक, धीरज सिंह, विष्णु देव उरांव, वचन ठाकुर, संजय वर्मा, संतोष पासवान, विरन उरांव मौजूद थे।

### स्वीप : पड़वा में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



■ बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने दिलायी अपने मतों का प्रयोग करने की शपथ

**मेदिनीनगर।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पड़वा प्रखंड प्रशासन विभिन्न तरह के कार्यक्रम कर मतदाताओं को जागरूक कर रहा है ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इसी के तहत पड़वा बाजार मैदान में दो दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ। उद्घाटन बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद, सीओ हलधर सेठी व हरि प्रसाद ठाकुर ने किया। उद्घाटन मैच एन एच आई बनाम पंचायती राज के बीच खेला गया। बीडीओ ने बताया कि दो दिन (6-7) को पड़वा बाजार मैदान में निर्वाचन का स्वीप कार्यक्रम चल रहा है। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। शनिवार को 4 क्रिकेट मैच खेले जायेंगे। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव, थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव, सीआई बासुकीनाथ टुडू, फेयर माइंस के यशवंत कुमार, अशोक मिश्रा, रूपेश मेहता, पूर्व उपप्रमुख चंद्रेश्वर मेहता, मंजीत राम, चंद्रकांत तिवारी, पूर्व मुखिया मेघनाथ मेहता सहित कई लोग मौजूद थे। संचालन अभय दुबे ने किया।

### पूर्व मंत्री जगन्नाथ महतो की जयंती मनी



**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू जिला कार्यालय में पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की जयंती मनी। झामुमो के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में उनकी तस्वीर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री सिन्हा ने जगरनाथ महतो को याद करते हुए कहा कि झामुमो पार्टी में पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो की कमी आज भी महसूस होती है। उनका जाना आज भी हम सब भूल नहीं पाते, सभी नेताओं कार्यकर्ताओं के प्रिय नेता थे टाइगर जगरनाथ दा। मौके पर सचिव सन्नू सिद्दिकी, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, कमाल खान, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, बबलू शाहनवाज, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, पाटन प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह मौजूद थे।

### दो शिक्षकों की सम्मानपूर्वक विदाई



**विश्रामपुर (पलामू)।** कन्या मध्य विद्यालय के दो शिक्षकों को सेवानिवृति के बाद शनिवार को सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी। इसके लिए स्कूल परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह किया गया। बताते चलें कि विश्रामपुर कन्या मध्य विद्यालय के दो शिक्षक गणेश राम व कमरुल हक सेवानिवृत हो गये हैं। अध्यक्षता शिक्षक नीतीश कुमार व संचालन अरविंद कुमार ने किया। मौके पर सीआरपी कृष्णा साहू, नागेन्द्रनाथ बाजपेयी, रवींद्रनाथ बाजपेयी, बसीर आलम, रूबी देवी, सरस्वती देवी, रंजीत बक्सराय, देवेश कुमार, संजय कुमार भी उपस्थित थे।

### अबकी बार 400 पार का लिया संकल्प



**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज मंडल भाजपा कार्यालय में शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर लोस चुनाव को चुनौती के रूप में लेते हुए अबकि बार 400 पार के पार्टी की जीत के लक्ष्य को प्राप्ति के लिए पलामू में तीसरी बार प्रत्याशी बीडी राम को जिताने का संकल्प लिया गया। इसके लिए बूथ मजबूत बनायेंगे। मौके पर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, मंडल उपाध्यक्ष डॉ प्रभु प्रसाद, महामंत्री सुशील मेहता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कामेश्वर मेहता, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, वंशरोपण सिंह शामिल थे।

### आलोक शुक्ला सातवीं बार बने अध्यक्ष



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला हनुमान मंदिर परिसर में रामनवमी पूजा समिति की एक बैठक हुई। जिसमें रामनवमी धूमधाम से मनाने व भव्य जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। राम दरबार सहित कई आकर्षक झांकी निकलेंगी। महोत्सव के सफल आयोजन हेतु पूजा समिति पुनर्गठित की गयी। लगातार सातवीं बार आलोक शुक्ला को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। 501 सदस्यीय कार्यकरणी भी गठन किया गया।

### चार फरार वारंटी गिरफ्तार, गये जेल

**हरिहरगंज पलामू।** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर पुलिस ने अलग-अलग मामले में फरार चार वारंटियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि सूरज कुमार, राजीव प्रजापति, रामप्यारे प्रजापति तीनों पिता कुलदीप प्रजापति ग्राम शिकारपुर और भांवर के युगल यादव के पुत्र संजय को जेल भेजा गया है।

# संस्थापकों के त्याग व कार्यकर्ताओं के समर्पण से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: बाबूलाल मरांडी

■ भाजपा ने मनाया पार्टी का 44 वा स्थापना दिवस, प्रदेश अध्यक्ष ने संघर्ष भरे सफर को किया याद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद कार्यालय के समक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का झंडा फहराया। मौके पर श्री मरांडी ने संघर्ष भरे सफर को याद करते हुए कहा कि 16 अप्रैल 1980 को पार्टी की स्थापना राष्ट्रवादी सोच के साथ हुई थी। तब संस्थापक अध्यक्ष अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि अंधेरा छंटेगा कमल खिलेगा... आज उनका कथन सत्य हो रहा है। पार्टी संस्थापकों के त्याग और कार्यकर्ताओं के समर्पण से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। देश के संसद से लेकर विधानसभाओं में भाजपा का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा है जिसका सारा श्रेय पार्टी के संघर्षशील कार्यकर्ताओं को जाता है। सांसद ने कहा कि भाजपा स्थापना काल से लेकर अब तक देश को समृद्ध और शक्तिशाली बनाना चाहती है। देश के सांस्कृतिक विरासत को आगे ले जाना चाहती है। पार्टी अपने मिशन में कामयाब भी रही। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बी मोड़ चंद्रवंशी कॉम्प्लेक्स में स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी का 44वां स्थापना दिवस शनिवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। स्थापना समारोह भाजपा ग्रामीण मंडल व नगर मंडल ने किया था। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल हुए।

# विधायक ने ध्वज लगाकर मनाया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस

■ संगठन की रीढ़ होते हैं पार्टी के कार्यकर्ता : डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कार्य करती है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पांकी विस क्षेत्र सहित पूरे देश में लाभूकों के बीच पहुंच रहा है। लोग पीएम मोदी के कार्यो से काफी खुश हैं। केंद्र सरकार ने किसान, युवाओं, महिलाओं समेत सभी को योजना से लाभान्वित कराया है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनायेगी। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी अजय पासवान, मंटू शर्मा, तरहसी प्रखंड मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता अपने निवास स्थान नीलांबर पीतांबर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में पार्टी के सक्रिय एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ ध्वज लगाया। मौके पर विधायक ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भाजपा में कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बूथस्तर पर अपने क्षेत्र में लग जायें। इस बार भाजपा के 400 पार का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त करना है।

# भयमुक्त वोटिंग के लिए औरंगाबाद पलामू प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

■ बैठक कर दोनों राज्यों के अधिकारियों के बीच समन्वय सुदृढ़ पर जोर

**राजेश प्रसाद**



फ्लैग मार्च में शामिल जिला प्रशासन के लोग।

**हरिहरगंज पलामू।** आगामी लोकसभा चुनाव में भयमुक्त तथा निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने को लेकर शनिवार को झारखंड तथा बिहार के आला अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में पलामू के निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, औरंगाबाद के निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम, डीडीसी रवि आनंद, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन, हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, औरंगाबाद एसडीओ संजय पांडेय, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बिजय केरकेट्टा, छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, हुसैनाबाद डीएसपी मुकेश कुमार, औरंगाबाद सदर 2 डीएसपी अमित कुमार, हरिहरगंज बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया, थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार सहित दोनों जिला के सीमावर्ती क्षेत्र के थानेदार, डाग स्क्वायड तथा बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल हुए। हरिहरगंज शहरी क्षेत्र तथा बिहार के महाराजगंज में फ्लैग मार्च किया गया। बाद में प्रखंड सभागार में दोनों जिला के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें इस संबंध में पलामू उपायुक्त शशिरंजन तथा औरंगाबाद जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि प्रशासन निर्भीक व निष्पक्ष मतदान के लिए कटिबद्ध है। मतदाताओं को भयमुक्त मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च किया गया। वहीं एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि चुनाव के दौरान बिहार झारखंड की सीमाएं सील की जाएगी। साथ

## पाटन मंडल कार्यालय में मना भाजपा का स्थापना दिवस

# कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : पुष्पा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पार्टी का स्थापना दिवस मनातीं विधायक व उपस्थित अन्य।

**पाटन पलामू।** भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस पाटन मंडल भाजपा कार्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह की अध्यक्षता में मनाई गयी। मौके पर क्षेत्र की विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, स्व अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप जलाकर किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

कहा कि स्व पंडित दीनदयाल, श्यामा प्रसाद व स्व अटल बिहारी वाजपेयी के बताये मार्गों पर चलने की जरूरत है। ये सभी दूरदर्शी सोच के थे। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि पंडित दीनदयाल व श्यामा प्रसाद सेवा ही समर्पण, अंत्योदय व एकात्म मानववाद के प्रणेता था। इन सभी ध्येय के अनुरूप चलने वाली भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। स्थापना दिवस समारोह में जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मंडल मंत्री पशुपति शर्मा, ओबीसी मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेहता, जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक तिवारी, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष जमुना प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# शहर के आठ केंद्रों पर आज होगी पॉलिटेक्निक प्रतियोगिता परीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ पोलिटेकनिक प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू



■ एसडीओ ने कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए जारी किया निर्देश

**मेदिनीनगर।** पोलिटेकनिक प्रतियोगिता परीक्षा 2024 को देखते हुए मेदिनीनगर सदर अनुमंडल दण्डाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने 07 अप्रैल को क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गयी है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार लाठी (बुढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भला, गड़ासा, छूरा, अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा।

# तरहसी बीडीओ ने किया प्रखंड के कई वोटिंग बूथ सेंटर का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी पलामू।** तरहसी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा लगातार कई दिनों से वोटिंग बूथ सेंटर का निरिक्षण किया जा रहा है। बताते चले कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी वोटिंग बूथों पर मतदाताओं के लिए बुनियादी सुविधा तथा विधि व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान शनिवार को तरहसी प्रखंड के बीडीओ वरुण कुमार ने प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय गुरहा वोटिंग बूथ सेंटर सहित प्रखंड के कई बूथ सेंटर पर पहुंचकर निरीक्षण किया। साथ ही स्कूल का जायजा लिया। बीडीओ ने निरीक्षण के दौरान स्कूली शिक्षकों को कई दिशा निर्देश दिया एवं ग्रामीणों को भय मुक्त होकर वोटिंग करने के लिए प्रेरित भी किया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भाजपा में सभी धर्मों-पंथों का सम्मान : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने अपने आवासीय कार्यालय में पार्टी के 44 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में पार्टी के झंडे को लगाते हुए प्रणाम किया। विदित हो कि 6 अप्रैल 1980 दिन रविवार को भाजपा का गठन करते हुए अटल बिहारी वाजपेई को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। अविनाश वर्मा ने पार्टी के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी, जिनके प्रयास से पार्टी एक पौधे से विशाल वृक्ष का रूप लिया और आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कार्यरत है।

### सैलून में लगी आग, सारा सामान हुआ खाक



**मोहम्मदगंज पलामू।** मेन रोड रविवारीय बाजार स्थित सैलून में शुक्रवार की रात आग लग गयी। जिससे सैलून के सारे सामान जलकर खाक हो गये। आग में तकरीबन एक लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान है। पीड़ित दुकानदार शंभू ठाकुर ने बताया कि हर दिन की तरह वह शुक्रवार को संध्या में दुकान को बंद कर चला गया। रात्रि में आसपास के लोगो ने दुकान से धुंआ निकलता देख इसकी सूचना दी। जब दुकान का शटर खोला तो दुकान में आग की तेज लपटे उठ रही थी। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जब तक दुकान में रखे टीवी, कूलर, कुर्सी, मिरर सहित अन्य उपकरण व सामान जलकर खाक हो चुका था। जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि नीरज सिंह, उपमुखिया रविरंजन सिंह ने मोहम्मदगंज सीओ से पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि पीड़ित के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न न हो।

# अकीदत के साथ अदा हुई अलविदा जुमा की नमाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत जामा मस्जिद तथा ताहा मस्जिद में रमजान के आखिरी जुम्मा यानी अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद सतबरवा में तौफीक आलम मिस्बाही के नेतृत्व में तथा ताहा मस्जिद सतबरवा में मौलाना सरफराज आलम के नेतृत्व में नमाज अदा की गयी। नमाज- ए- अलविदा जुमा को लेकर मुस्लिम मोहल्लों में आज सुबह से ही चहल-पहल देखी गई। खास कर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे आज नए-नए कपड़े पहन कर नमाज-ए-अलविदा जुमा अदा की। मस्जिद मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद को अलविदा जुमा के अवसर पर अल हुसैन कमेटी के द्वारा आकर्षक तरीके से सजाया गया।

### श्यामा प्रसाद और दीनदयाल के सपने को पूरा करेंगे : निरंजन



**पाटन पलामू।** भाजपा के स्थापना दिवस के पर भाजपा नेता निरंजन पासवान ने अपने आवास पर पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर मल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री पासवान ने दोनों कार्यकलापों एवं विचारों पर प्रकाश डाला। कहा कि डॉ मुखर्जी व पंडित दीनदयाल के अधूरे सपने को पूरा कर देश का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है।

# अखंड कीर्तन से भक्तिमय रहा माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज (भीमनगर) स्थित महादेव विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित 24 घंटे का हरे कृष्णा हरे रामा अखंड संकीर्तन शनिवार को निश्चित समय पर हर हर महादेव,जय श्रीराम, जय बाबा विश्वकर्मा के जयकारे के साथ सम्पन्न हुआ। अखंड समापन के बाद पंडित शशि पांडेय के द्वारा हवन कराया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्त श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अखंड संकीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय गुंजयमान रहा। अखंड संकीर्तन के समापन के बाद लोगों के निवेदन पर मौके पर संकीर्तन कर रहे सुप्रसिद्ध रामनाथ व्यास एवं उनके सहयोगियों ने पवित्र चैत्र माह में मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव माह के उपलक्ष्य में काली मइया होखी न सहइया, ए रामा चइता महिनवा, उठ गौरा होई गईले भोरवाचइता गाकर लोगों को झूमा डाला। अखंड संकीर्तन में भोला मेहता, रामनाथ व्यास, लक्ष्मण शर्मा, सुदर्शन शर्मा, गहरा राम, बलराम आदि थे।

### पलामू से अभय होंगे भाकपा उम्मीदवार : रूचिर




**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पलामू लोकसभा स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सूर्यपत सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि राज्य सचिव महेंद्र पाठक, गढ़वा जिला कमेटी के नेतागण उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम पलामू लोकसभा सीट के उम्मीदवार अभय कुमार भुइयां को घोषित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता और शुभचिंतकों ने भाकपा प्रत्याशी को जिताने के लिए कमर कस लिया है।

## हुसैनाबाद में मना भाजपा का स्थापना दिवस, कर्नल संजय बोले

# भाजपा आम कार्यकर्ताओं की पार्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पार्टी का स्थापना दिवस मनाते भाजपा नेता-कार्यकर्ता।

**खास बातें :** इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, संतोष सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण अग्रवाल, सुबोध कश्यप, अशोक सिंह, विजय प्रजापति, अजय सिंह, पप्पू सिंह, डबल सिंह, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कर्नल संजय सिंह ने भाजपा का झंडोतोलन एवं जनसंघ के संस्थापक पंडित दिन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर तमाम कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर किया। सभी ने लोकसभा चुनाव में पलामू संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी मतों से जीताने तथा देश भर में एनडीए गठबंधन को 400 पार पहुंचाने का प्रण लिया। मौके पर कर्नल संजय सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि देश में व्यापक जनहित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किये जा रहे प्रयासों को पूर्ण सहयोग देकर समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा ने भाजपा के राष्ट्रीय विचारधारा के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग जारी रखने के लिए पार्टी के सदस्यों से अपील की। उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के हुसैनाबाद विधानसभा दौरा व हैदरनगर होने वाले जनसभा पर चर्चा व रणनीति बनायी।

# राज्य के खनिज संपदा लुटेरों को जनता लोस चुनाव में सबक सिखायेगी: मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यकर्ताओं में जोश भरने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि राज्य की जनता वर्तमान राज्य सरकार में अफसर शाही, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को देखते हुए भाजपा को वोट करने का कार्य करेगी भाजपा झारखंड सभी 14 सीटों को जीतने में सफल रहेगी। विजय 10 वर्षो के दरम्यान केंद्र की मोदी सरकार में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। भारत का मान सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। इस दौरान उन्होंने सतबरवा मंडल के महामंत्री चंचल यादव को जन्मदिन पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा शुभकामनाएं दी। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडे, भीष्म चौरसिया, पूर्व जिप सदस्य विकास चौरसिया, अमलेश चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, मुखिया रिंकी यादव, अतुल कुमार, महेश यादव, रविंद्र सिंह, चंचल यादव, विकास तिवारी, धीरज सिंह,अजय उरांव, रामनाथ पाठक, संजय लाला, महेश यादव,

**सतबरवा पलामू।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के खनिज संपदा के लुटेरे को लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखायेगी। श्री मरांडी शुक्रवार को रांची से मेदिनीनगर जाने के क्रम में सतबरवा में बोल रहे थे। इसके पूर्व बाबूलाल मरांडी का जोरदार ढंग से विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा नेता मनोज सिंह जिप सदस्य सुधा कमारी, आशीष सिन्हा समेत स्वागत कई भाजपाइयों ने किया। श्री मरांडी ने कहा कि वर्तमान झारखंड में महागठबंधन की सरकार ने राज्य के बालू तक को भी नहीं छोड़ा। नेता मंत्री के संरक्षण में झारखंड के बालू समेत उन खनिज संपदा माफिया दूसरे राज्यों में बेरोकटोक भेज रहे हैं।

